RAJHIN/2014/56327 sanjeevnitoday.com डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/003/2017-19

सुविचार



ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।
-स्वामी विवेकानंद

दैनिक
संजीवनी टुडे
समय के साथ बढ़ता अखबार

जयपुर सर्राफा

24 कैरेट सोना (10 ग्राम)
लगभग 1,28, 500 रुपए
22 कैरेट सोना (10 ग्राम)
लगभग 1,19, 500 रुपए
चांदी (1 किलोग्राम)
लगभग 1,58, 000 रुपए

वर्ष : 13 । अंक : 173 मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्थी जयपुर, शनिवार 28 नवंबर, 2026 विक्रम संवत-2083 पृष्ठ : 08 । मूल्य : 2 रुपए

#क्विक Update

रोहित तीन साल बाद फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान

मुंबई। रोहित शर्मा 3 साल बाद एक बार फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान बन गए हैं। वे हार्दिक पंड्या की जगह लेंगे। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। 39 साल के रोहित 2013 से 2023 तक लगातार 11 सीजन टीम के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में मुंबई ने 5 ट्रॉफी खिताब और 2013 में चैंपियंस लीग टी-20 की ट्रॉफी जीती थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई पिछले 3 सीजन में सिर्फ एक बार प्लेऑफ में पहुंच सकी थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें ट्रेड के जरिए पंजाब किंग्स भेज दिया और बदले में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल किया। कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा ने कहा, मुंबई इंडियंस मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा रही है। इस टीम की कप्तानी करना हमेशा मेरे लिए गर्व की बात रही है।

ममता के बागी ऋतब्रत बनर्जी नेता प्रतिपक्ष नहीं रहेंगे

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 3 जून को ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष और अखरुज्जमां को चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था। अदालत ने कहा कि स्पीकर का यह आदेश गलत है। हाईकोर्ट ने स्पीकर को 10 दिन के भीतर दोनों नियुक्तियों पर नए सिरे से फैसला लेने का निर्देश दिया है। दरअसल, ममता बनर्जी ने शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष बनाने का फैसला किया था। लेकिन टीएमसी के 58 विधायकों के समर्थन से ऋतब्रत ने अलग गुट बनाकर इस पद पर दावा किया। इसके बाद 3 जून को स्पीकर ने ऋतब्रत को नेता प्रतिपक्ष बना दिया। इसके खिलाफ शोभनदेव ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

अमेरिकी वायुसेना के सिस्टम में सेंध लगाई

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी वायुसेना के क्लाउड कंप्यूटिंग सिस्टम क्लाउड वन को हैकर्स ने निशाना बनाया है। इस सिस्टम में एयर डिफेंस रडार, सैन्य विमानों, मिसाइलों, जवानों के रिकॉर्ड और सैन्य साजो-सामान से जुड़ी अहम जानकारियां मौजूद हैं। इससे हैकर्स को एयर डिफेंस सिस्टम की खामियों का पता भी लग सकता था। करीब एक महीने पहले सिस्टम हैकिंग का पता चला था।

राइजिंग राजस्थान के एमओयू को धरातल पर उतारने में तेजी लाएं, निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएं

एमओयू के क्रियान्वयन से प्रदेश के युवाओं को मिलेगा रोजगार : सीएम

निवेश समझौतों की नियमित मॉनिटरिंग करें संबंधित विभाग

संजीवनी टुडे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के लिए जो मजबूत भरोसा जताया है, उसे कायम रखते हुए निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एमओयू के धरातल पर क्रियान्वयन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू प्रगति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समिट राजस्थान की विकास यात्रा को मजबूती देने वाली अहम कड़ी है। इसलिए एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग में तेजी लाने के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग के एमओयू के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें तथा आवश्यक स्वीकृतियों में तेजी लाएं। उन्होंने मुख्य सचिव को इस सम्पूर्ण कार्य की



मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के निवेश समझौते प्रदेश की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए निवेशकों के साथ निरंतर संवाद रखें। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने की यमुना जल समझौता एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना की समीक्षा

भजनलाल बोले- संबंधित विभाग समन्वय के साथ करें कार्य, जल्द से जल्द जल परियोजनाओं को करें पूर्ण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यमुना जल समझौता एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री ने दोनों परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करते हुए जनता को लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित अंतराल पर मौके पर पहुंचे और धरातल पर हो रही कार्य प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से संबंधित भूमि अवाप्ति, विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित सभी संबंधित कार्यों को लेकर विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और काम में तेजी लाएं, ताकि प्रदेश जल्द से जल्द जल आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सके। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा ने बहुमत से दोगुने प्रधान बनाए, लेकिन 6 जिलों में खाता तक नहीं खोल पाई

कांग्रेस को 281 में मिली बढ़त पर 255 में ही प्रधान बना पाई

संजीवनी टुडे

जयपुर। प्रदेश के 37 जिलों की 419 पंचायत समितियों में प्रधानों के लिए शुक्रवार को चुनाव हुए। कांग्रेस 255 जगह प्रधान बनाने में सफल रही। हालांकि कांग्रेस को 20 नवंबर को आए रिजल्ट में 230 जगह स्पष्ट बहुमत मिला था और 51 जगह पार्टी बढ़त में थी। भाजपा ने 105 जगह प्रधान बनाए, जबकि पार्टी को 51 जगह स्पष्ट बहुमत मिला था और 13 जगह बढ़त बनाई थी। आरएलपी 24 जगह जीती, जबकि पार्टी को 14 जगह बहुमत और 7 में बढ़त थी। बीएपी 14 जगह प्रधान बनाने में सफल रही। पार्टी को 11 जगह बहुमत और 5 जगह बढ़त मिली थी। जबकि 47 पंचायत समितियों में निर्विरोध प्रधान चुने गए।

सीकर समेत 6 जिलों में भाजपा खाता तक नहीं खोल पाई। सीकर जिले की 16 पंचायत समितियों में कांग्रेस ने 15 और 1 में निर्दलीय ने जीत हासिल की है। नागौर जिले की 12 पंचायत समितियों में से आरएलपी ने 8 और कांग्रेस ने 4 में जीत हासिल की। हनुमानगढ़ जिले की 10 पंचायत समितियों में से 8 में कांग्रेस और 2 में सीपीआईएम ने प्रधान बनाए। जोधपुर में 23 पंचायत समितियों में से सिर्फ 1 जगह भाजपा जीती। टोंक के मालपुरा पंचायत समिति में बराबर मत होने से लॉटरी से फैसला हुआ। जिसमें कांग्रेस की ललिता ने जीत हासिल की है। पंचायत समिति आबूरोड में बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ी कांग्रेस की पूर्व विधायक और पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाबेन गरासिया को एक भी वोट नहीं मिला।

कांग्रेस में रिश्तेदारों की पौ-बारह

झुंझुनूं की सूरजगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की बेटी प्रधान बनीं हैं। बांसवाड़ा की तलवाड़ा पंचायत समिति में पूर्व विधायक कांता भील की बेटी प्रज्ञा गरासिया प्रधान बनीं। जोधपुर की पीपाड़ पंचायत समिति से पूर्व सांसद ब्रदीराम जाखड़ की पोती सोनिया चौधरी लगातार दूसरी बार प्रधान बनी हैं। उदयपुर की सायरा पंचायत समिति में पूर्व मंत्री डॉ मांगीलाल गरासिया प्रधान चुने गए हैं। जबकि नयागांव में पूर्व विधायक दयाराम परमार के भाई पन्ना लाल परमार प्रधान बने हैं।

एक प्रत्याशी ने साड़ी-सलवार सूट बदलकर भरे 3 नामांकन, निर्विरोध चुनी गई प्रधान



बृजनगर (डीग)। पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में ऐसा सियासी घटनाक्रम सामने आया, जिसने सभी को चौंका दिया। एक ही प्रत्याशी ने भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय के रूप में तीन अलग-अलग नामांकन दाखिल कर दिए। इस दौरान उनके पहनावे ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। पहली बार साड़ी पहनकर पहुंचीं तो दूसरी बार सलवार-सूट में नजर आईं। चुनावी गलियारों में उनके तीन नामांकनों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। आखिरकार चुनावी प्रक्रिया के बाद वती कुमारी भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्विरोध प्रधान चुनी गईं। वती कुमारी वार्ड-14 से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर चुनाव जीती थी। उनके ससुर अर्जुन प्रधान भी ब्रजनगर पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं।

25 साल तक सीटों की संख्या नहीं बदलेगी; 30 नवम्बर को लोकसभा, 2 दिसंबर को राज्यसभा में आएगा बिल

50 प्रतिशत लोकसभा सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। लोकसभा में अभी 543 सीटें हैं। 50 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद ये 815 हो जाएंगी। यानी 272 सीटें बढ़ेंगी। बढ़ाई गई सभी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। कुल सीटों की यह संख्या अगले 25 साल तक नहीं बदलेगी। सरकार इसे 30 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पास कराना चाहती है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से बिल पर बहस में हिस्सा लेने की अपील की है।

कांग्रेस का आरोप है कि सरकार बिल पास कराने के लिए धोखे से बहुमत जुटा रही है। 16 अप्रैल को संसद में जो बिल पास नहीं हो सका था। उसमें जनसंख्या आधारित परिसीमन के जरिए सीटों की संख्या बढ़ाने की योजना थी, जिससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का अनुपात बदलने की आशंका थी। अब नए बिल में सभी राज्यों की मौजूदा सीटों में 50% बढ़ोतरी और 2051 तक राज्यों के बीच मौजूदा सीट अनुपात बनाए रखने की योजना है। यानी नए प्रस्ताव का मुख्य बदलाव यह है कि लोकसभा में सीटें तो बढ़ेंगी, लेकिन किसी राज्य की दूसरे राज्य के मुकाबले मौजूदा आनुपातिक हिस्सेदारी कम नहीं होगी।



अप्रैल में 54 वोट से बिल गिर गया था

मोदी सरकार ने 16 से 18 अप्रैल 2026 को संसद का विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पेश किए थे। तर्क दिया कि 2029 चुनाव तक महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए इन्हें पारित होना जरूरी है। विधेयक के पक्ष में 298 सांसदों ने वोट दिया। इसके विरोध में 230 सांसदों ने वोट दिया। वोटिंग के दौरान सदन में कुल 528 सांसद मौजूद थे।

परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस

संसद सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के आवास पर सांसदों की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम मौजूद रहे। शुक्रवार को कांग्रेस की मीटिंग में 30 नंवबर से शुरू हो रहे सत्र की तैयारी पर चर्चा हुई। परिसीमन और लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने को लेकर पर कांग्रेस का रुख तय किया गया। मीटिंग के बाद गौरव गोगोई ने कहा- सरकार परिसीमन विधेयक वापस लाने की कोशिश कर रही है। शनिवार सुबह 11.30 बजे मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के साथ भी बैठक होगी। इसमें स्टालिन और एनसीपी (शरद गुट) को भी बुलाया जाएगा।

नरेश मीणा की गिरफ्तारी के लिए बारां पुलिस की बूंदी में दबिश

संजीवनी टुडे

बारां। जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रकरण में वांछित नरेश मीणा की गिरफ्तारी के लिए बारां पुलिस ने शुक्रवार रात व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। मीणा की तलाश में बारां पुलिस की विशेष टीमें बूंदी जिले में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदाशु के अनुसार बारां के एएसपी सौरभ तिवारी के नेतृत्व में तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयास तेज किए गए हैं। एसपी अभिषेक अंदासु ने बताया कि नाहरगढ़ थाने के वांछित नरेश की तलाश में अभियान चलाया गया है।

तमिलनाडु में दीपथून पर दीप नहीं जला, सुप्रीम कोर्ट नाराज

अफसरों ने राजनीतिक आकाओं का आदेश माना, सीआरपीएफ सुरक्षा में दीप जलाएं, मंदिर ट्रस्टी हटाए

नई दिल्ली (एजेंसी)। मिलनाडु में मदुरै की पहाड़ी पर आदेश के बावजूद दीप न जलाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि 28 नवंबर को यहां सीआरपीएफ की सुरक्षा में दीप जलाया जाए। मदुरै में कार्तिक पूर्णिमा के दिन 'कार्तिगई दीपम' नाम की रस्म के तहत ऊंची पहाड़ी के ऊपर बने स्तंभ पर दीप जलाया जाता है। इस स्तंभ को दीपथून कहते हैं। विवाद तब शुरू हुआ, जब पहाड़ पर हिंदू पक्ष दीप जलाना चाहता था, लेकिन तमिलनाडु सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। जब हिंदू पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो कोर्ट ने तय तारीख पर दीप जलाने को कहा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने दीप जलाने का आदेश दिया। इसे जानबूझकर नहीं माना गया। ये कोर्ट की अवमानना है। कोर्ट ने कहा कि अफसरों ने हमारा नहीं, अपने राजनीतिक आकाओं का आदेश माना।

ऑपरेशन सिंदूर भविष्य के युद्ध का टेम्प्लेट : सीडीएस

एजेंसी



नई दिल्ली। सीडीएस एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ही भविष्य के युद्ध का टेम्प्लेट है। उसी तरह के युद्ध अब आगे लड़े जाएंगे, जिसमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स एक साथ, एक योजना पर, एक समय पर काम करेंगी। सीडीएस ने दिल्ली में कहा कि अब युद्ध सिर्फ सीमा पर नहीं लड़ा जाएगा। युद्ध जमीन, आसमान, समुद्र, आकाश, संचार तंत्र और दिमाग सब जगह एक साथ लड़ा जाएगा। जो देश इन सबको एक साथ जोड़कर सबसे तेज चलेगा, वही जीतेगा। उन्होंने कहा कि अब अकेले हथियार किसी काम के नहीं हैं। जरूरत जुड़ी हुई व्यवस्था की है। एक सैटेलाइट निशाना देखेगा, दूसरा सिस्टम उसे पक्का करेगा, कम्युनिकेशन सिस्टम जानकारी देगा और जमीन पर, हवा में, समुद्र में या समुद्र के नीचे, कोई भी हथियार आखिर में वार करेगा।

सीडीएस ने कहा कि युद्ध का चरित्र मुख्य रूप से बदलती टेक्नोलॉजी की वजह से बदल रहा है। टेक्नोलॉजी में बढ़त सिर्फ अस्थायी है, हमें लगातार सुधार करते रहना होगा। आज जो हथियार सबसे आधुनिक है, वो कल पुराना हो जाएगा। जो देश रोज नई टेक्नोलॉजी नहीं बनाएगा, वो पीछे रह जाएगा।

उन्होंने कहा कि युद्ध और शांति के बीच का फर्क धुंधला हो रहा है, हम लगातार टकराव की स्थिति में हैं। दुश्मन हम पर धीरे-धीरे, चालाकी से कॉग्निटिव वॉरफेयर (दिमागी युद्ध) थोप रहा है। ये युद्ध बिना गोली के चल रहा है, इसलिए हमें पता भी नहीं चलता कि हम युद्ध में हैं। सुब्रमणि ने कहा कि हमें अपना टेम्प्लेट बनाना होगा, किसी के बताए हुए टेम्प्लेट को नहीं देखना है। मतलब- अमेरिका, चीन, रूस का तरीका भारत पर लागू नहीं होगा। भारत की जियोग्राफी, दुश्मन, बजट, खतरे सब अलग हैं। इसलिए भारत का अपना युद्ध का मॉडल होना चाहिए।

पूर्व सीजेआई जस्टिस ने राष्ट्रपति को लिखा-एक समुदाय को प्राथमिकता, 9 साल में 75 प्रतिशत जज सामान्य वर्ग से

जजों की नियुक्ति में एसटी-एससी को किया नजरअंदाज : गवई

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। 27 नवंबर को लिखे लेटर में उन्होंने कहा कि कॉलेजियम की हाल की सिफारिशों में एक खास समुदाय को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। गवई ने लिखा कि 2018 से अब तक हाईकोर्ट में 715 जज नियुक्त हुए हैं। इनमें सिर्फ 22 एससी, 16 एसटी, 89 ओबीसी और 37 अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। करीब 75 प्रतिशत जज सामान्य वर्ग से नियुक्त किए गए।



गवई ने लेटर में लिखा कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जज बनने के मौके कम मिल रहे हैं। उन्होंने जजों के ट्रांसफर के फैसलों पर भी सवाल उठाए हैं। पूर्व सीजेआई ने कहा कि जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर में योग्यता और सभी वर्गों को बराबर मौका देने के नियमों का ध्यान नहीं रखा जा रहा। उन्होंने कहा कि जनवरी 2021 से जनवरी 2026 के बीच हाईकोर्ट में हुई नियुक्तियों में सामान्य वर्ग की हिस्सेदारी करीब 80 प्रतिशत रही। वहीं देश की आबादी में 40 से 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले ओबीसी समुदाय को 14 प्रतिशत से भी कम पद मिले।

गवई ने कहा कि संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं, लेकिन नामों की सिफारिश में जजों की नियुक्ति करने वाली समिति की अहम भूमिका होती है। इसके बावजूद समिति यानी कॉलेजियम पर कामकाज की जवाबदेही तय नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में सभी वर्गों को उचित जगह देना सिर्फ इस समिति की नहीं, बल्कि सरकार और संसद की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पहले भी सरकार और संसद ने समिति से वंचित वर्गों के लोगों को जज बनाने के लिए नामों पर विचार करने को कहा था।

जजों के ट्रांसफर में भी भेदभाव का आरोप

गवई ने आरोप लगाया कि जिन जजों का तबादला सजा के तौर पर किया गया था, उन्हें अब इनाम दिया जा रहा है। उन्होंने लेटर में जजों के ट्रांसफर के दो उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि एक जज को उनके मूल हाईकोर्ट से दूसरे हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया गया। इसके पीछे सजा देने जैसी वजह बताई गई, लेकिन बाद में उन्हें एक बड़े और प्रमुख हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बना दिया गया। दूसरे मामले में एक बड़े हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को छोटे हाईकोर्ट में भेज दिया गया। वहीं, छोटे हाईकोर्ट के एक मेहनती चीफ जस्टिस को बड़े हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। गवई ने सवाल उठाया कि इन फैसलों में योग्यता को किस आधार पर देखा गया।

न्यूज इन शॉर्ट

छह पुलिस अधिकारियों और जवानों को मिलेंगे पदक, डीजीपी डिस्क

जयपुर (संजीवनी टुडे)। राजस्थान पुलिस के छह अधिकारियों एवं जवानों को उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक एवं डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल से सम्मानित किया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) बिपिन पांडेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप महानिरीक्षक पुलिस शान्तनु कुमार सिंह को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक के लिए चयनित किया गया है। डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल के लिए सहायक निदेशक अभियोजन भंवर कुलदीप राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अदिति कांवत, पुलिस उप अधीक्षक निसार खान, उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार शर्मा और हेड कांस्टेबल शाहिद अली का चयन किया गया है। सभी चयनित अधिकारियों एवं जवानों को 14 दिसंबर 2026 को सुबह 11 बजे पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

विमोचन समारोह आज, राज्यपाल को प्रति भेंट की



जयपुर (संजीवनी टुडे)। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'सेंटवेव ऑर्गेनाइजेशन' की ओर से रविवार शाम 6 बजे से गोपालपुरा बाइपास स्थित होटल ग्रांड सफारी में समारोह होगा। इसमें संस्था की स्मारिका 'शिरीष' की लॉन्चिंग की जाएगी। संस्थापक शिवाली गुप्ता ने बताया कि संगीतमय कार्यक्रम में पदाधिकारियों के साथ ही शहर के प्रबुद्धजन भी शिरकत करेंगे। इससे पूर्व उपाध्यक्ष कमलनयन खंडेलवाल एवं विधि सलाहकार डॉ. आराधना परमार के साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को स्मारिका की पहली प्रति भेंट की गई। संस्था की टैग लाइन 'बी अवेयर, स्टे अवेयर एण्ड कीप अवेयर' के साथ ही राज्यपाल को जनसरोकार से कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विमोचन समारोह की रूपरेखा से भी अवगत कराया।

जयपुर में रविवार को जुटेंगी खेल जगत की दिग्गज हस्तियां

जयपुर। खेल, मनोरंजन, उद्योग और नेतृत्व जगत की प्रमुख हस्तियां रविवार को जयपुर में आयोजित 'गेम चेंजर्स विजन 2026-नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव एंड लीडरशिप समिट' में शामिल होंगी। होटल क्लार्क्स आमेर में 29 नवंबर को शाम 3.30 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि होंगे। एटलेंटर स्पोर्ट्स की ओर से 100 मेडल्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित समिट में देश के खेल भविष्य, कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की महत्वाकांक्षा पर चर्चा होगी। आयोजन में अभिनेता रणविजय सिंहा, ऋत्विक धनजानी, अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह, एशियन गेम्स स्वर्ण पदक विजेता राहुल चौधरी, मोटरस्पोर्ट्स चैंपियन ऐश्वर्या पिस्से और ब्लेड रनर मेजर डीपी सिंह सहित खेल एवं मनोरंजन जगत की कई हस्तियां भाग लेंगी।

दो अधिकारियों के बदले जोन, सिविल लाइंस जोन उपायुक्त को बनाया रेवन्यू ऑफिसर

जयपुर मेयर का यू-टर्न, 2 अफसरों को फिर वही विभाग सौंपे

संजीवनी टुडे



जयपुर। जयपुर नगर निगम में मेयर सुनील कोठारी का पहला प्रशासनिक फेरबदल 48 घंटे में ही उलट गया। मेयर ने बुधवार को 11 सीनियर अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदलकर प्रशासनिक बदलाव का संदेश दिया था, लेकिन शुक्रवार को जारी संशोधित सूची में दो अधिकारियों को फिर उन्हीं विभागों की जिम्मेदारी सौंप दी गई, जहां से उन्हें हटाया गया था। मोनिका सोनी को उद्यान और करणी सिंह को पशु प्रबंधन शाखा का उपायुक्त फिर नियुक्त किया गया है। पहले आदेश में बदलाव का संकेत था, लेकिन संशोधित सूची ने पुरानी व्यवस्था लौटा दी। वहीं 2 अफसरों के जोन बदले गए हैं। इसके अलावा सिविल लाइंस जोन उपायुक्त को इसी जोन में रेवन्यू अधिकारी बनाया गया है। मेयर की ओर से बुधवार को किए फेरबदल में उद्यान और पशु प्रबंधन शाखा के उपायुक्तों के कार्यक्षेत्र बदले गए थे। इन विभागों को लेकर पहले भी विवाद और शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में इन शाखाओं में बदलाव को मेयर के प्रशासनिक फैसले का अहम हिस्सा माना जा रहा था। शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी कर मोनिका सोनी और करणी सिंह को फिर पुराने विभागों की जिम्मेदारी दे दी गई। यानी जिन अधिकारियों को बुधवार को हटाया गया। उन्हें दो दिन बाद ही वापस उन्हीं शाखाओं में तैनात कर दिया गया। नगर निगम में अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदलना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन एक ही आदेश को 48 घंटे में संशोधित करने से फैसले की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हुए हैं। इन पदों पर 48 घंटे में किसी भी अधिकारी ने जॉइन नहीं किया था। निगम के गलियारों में अब चर्चा का विषय बन गया है। पहले आदेश से निगम में नई व्यवस्था का संदेश गया था, लेकिन संशोधित सूची ने उसी संदेश को कमजोर कर दिया। अब चर्चा अधिकारियों के तबादलों से ज्यादा इस बात की है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि मेयर को अपने ही फैसले से इतनी जल्दी पीछे हटना पड़ा।

दुर्गा कुमारी को उपायुक्त मुख्यालय लगाया

संशोधित आदेश के तहत मनोहर लाल जाट को झोटवाड़ा और वैशाली नगर जोन, निहारिका शर्मा को सिविल लाइंस जोन, गीता करनानी को किशनपोल जोन और सीमा शर्मा को हवामहल-आमेर जोन का उपायुक्त बनाया गया है। दुर्गा कुमारी को उपायुक्त मुख्यालय और संतलाल मक्कड़ को उपायुक्त एनयूएलएम और कच्ची बस्ती का कार्य सौंपा गया है।

हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक से प्रभावितों को दस्तावेजों के आधार पर चुनौती देने का अवसर

न्यू सांगानेर रोड चौड़ीकरण मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जेडीए की बढ़ी टेंशन

संजीवनी टुडे



जयपुर। न्यू सांगानेर रोड पर चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों और संपत्ति मालिकों को सुप्रीम कोर्ट से आंशिक कानूनी राहत मिली है। हाईकोर्ट के जिस आदेश से प्रभावितों के लिए सिविल कोर्ट और जेडीए अपीलीय न्यायाधिकरण में सुनवाई का रास्ता बंद हो गया था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर अंतरिम रोक लगा दी है।

जिन संपत्ति मालिकों के पास पट्टे, स्वीकृत नक्शे और पूर्व कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज हैं, अब वे इन्हें अपने पक्ष में प्रस्तुत कर न्यायिक मंच पर चुनौती दे सकेंगे।

अब प्रभावित व्यापारी जेडीए की पैमाइश, अतिक्रमण के नोटिस और अपने पट्टों की वैधता को सक्षम न्यायिक मंच पर चुनौती दे सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने जेडीए की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई है। प्रभावितों को अपने निर्माण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर कानूनी राहत मांगने का अवसर मिल गया है।

छह अगस्त 2026 को हाईकोर्ट ने जेडीए को 2.4 किमी लंबी सड़क से दो महीने में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। जेडीए ने चार सप्ताह का अतिरिक्त समय लिया। 16 नवंबर को दो सप्ताह का और समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। हाईकोर्ट ने जेडीए आयुक्त, नगर निगम आयुक्त और जेडीए सचिव को दो सप्ताह में शेष अतिक्रमण पूरी तरह हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई पूरी नहीं होने पर अगली सुनवाई में तीनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा।

पैमाइश पर सवाल, अब चुनौती देने का रास्ता

न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए की पैमाइश को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। खासकर अजमेर रोड टी-पॉइंट के पास सड़क की चौड़ाई को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। यहां मौके पर सड़क 98 फीट चौड़ी है। इसके बावजूद जेडीए ने एक ओर 24 फीट तक अतिक्रमण चिह्नित किया है। ऐसी स्थिति कई जगह सामने आई है।

वर्षों से कर रहे व्यापार

चौड़ीकरण से प्रभावित कई व्यापारी वर्षों से यहां कारोबार कर रहे हैं। यही उनकी रोजी-रोटी का साधन भी है। व्यापारियों का दावा है कि वर्ष 2013 में भी इस सड़क पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी। उस समय 150 से अधिक निर्माण प्रभावित हुए थे। अब उन्हीं निर्माणों के फिर से चौड़ीकरण की जद में आने से विवाद बढ़ गया है।

इस्लाहे मआशरा की कारगर हो रही मुहिम सादगी से मस्जिद में हुआ शरई निकाह

संजीवनी टुडे



जयपुर। राजस्थान में कुरैशी समाज के नामवर लोग अपने लड़के-लड़कियों की शादी में दहेज का लेन-देन बंदकर मिसाल कायम कर रहे हैं। इस मुहिम में वरिष्ठ समाजसेवी झोटवाड़ा निवासी छुट्टन कुरैशी ने अपनी बेटी आलिमा की नो गार्डन, नो डिनर, नो दहेज के पैटर्न पर शादी कर मिसाल कायम की। इसी कड़ी में शुक्रवार को पेंटर कॉलोनी, नाहरी का नाका की नूरानी मस्जिद में राजा अहमद की पुत्री सुहाना का नौशादुद्दीन कुरैशी के पुत्र नवैद कुरैशी के साथ सादगी से निकाह की रस्म अदायगी हुई। मुफ्ती अबरार अहमद ने निकाह पढ़ाया। शरीयत के अनुसार निकाह की रस्म अदायगी के बाद सभी आगंतुकों को शहजाद अहमद कुरैशी, राजा अहमद, अशोक शर्मा, इफ्तिखार अहमद एवं परिजनों ने खिजूर व शरबत पेश कर अगवानी की। तत्पश्चात दुल्हन की रुखसती घर से की गई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी छुट्टन कुरैशी, शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी, ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश यूथ विंग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान कुरैशी, शुजाउद्दीन उर्फ मुन्ना भाई, नईम भाई इंडियाना सहित बड़ी संख्या में शहर के वरिष्ठजन, समाजसेवी एवं समाज के लोग शामिल रहे। इस मौके पर ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश यूथ विंग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि समाज में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों के कारण बहुत सारी बच्चियों की शादी समय पर नहीं होने के कारण उनके घर वाले बड़े परेशान रहते हैं तथा कर्ज लेकर शादियां करते हैं, जो कि जीवन भर कर्ज के आर्थिक बोझ से दबे रहते हैं।

डीआरटी जयपुर की विशेष लोकअदालत 4 को, 4 हजार मामले निपटाने की तैयारी

संजीवनी टुडे

जयपुर। ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी), जयपुर और डीआरटी बार एसोसिएशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 4 दिसंबर को डीआरटी जयपुर में तीसरी विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें लगभग 4 हजार प्रकरण रखकर किसानों और पीड़ित वर्ग को राहत देने का प्रयास किया जाएगा। ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण, दिल्ली के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डॉ. सुधीर कुमार जैन इसका शुभारंभ करेंगे। डीआरटी जयपुर के पीठासीन अधिकारी विमल गुप्ता, डीआरटी बार एसोसिएशन, जयपुर के अध्यक्ष कीर्ति कपूर व महासचिव राजकुमार और विशेष लोक अदालत समन्वय समिति के संयोजक अनिल शर्मा ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि पिछली दो विशेष लोक अदालतों में 750 से अधिक प्रकरणों का निस्तारण हुआ था। इन समझौतों से ऋणकर्ताओं को राहत मिली और बैंकों ने कुल 750 करोड़ रुपये की वसूली की। पीड़ित किसानों तथा अन्य ऋणकर्ताओं की मांग को देखते हुए 4 दिसंबर को तीसरी विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें लगभग 4 हजार प्रकरण रखे जाएंगे। विशेष लोक अदालत के माध्यम से लगभग 400 करोड़ रुपये की वसूली होने की संभावना है।

निम्बार्क महोत्सव में जुटेंगे देशभर के विद्वान, 27 को मिलेगा सारस्वत सम्मान

संजीवनी टुडे

जयपुर। स्टेशन रोड, रिजर्व पुलिस लाइन के सामने स्थित मंदिर श्रीमाधोबिहारी जी में चल रहे श्री निम्बार्क जयंती महोत्सव के तहत 28 नवंबर को काशी और जयपुर की विद्वत् परंपरा का संगम होगा। अखिल भारतीय विद्वत् परिषद् वाराणसी के तत्वावधान में राजस्थान में पहली बार सारस्वत अलंकरण समारोह एवं विद्वत्संगोष्ठी आयोजित होगी। इसकी अध्यक्षता परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कामेश्वर उपाध्याय करेंगे। संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा पर शास्त्रार्थ एवं विमर्श होगा। परिषद् के प्रदेश सचिव एवं श्री निम्बार्क महासभा के महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुन्दाचार्य होंगे। आयोजन में महंत वृंदावनदासजी, महामंडलेश्वर स्वामी पद्मनाभशरण देवाचार्यजी, आचार्य रामपाल शास्त्री एवं स्वामी सियारामदास नैयायिकजी का सान्निध्य रहेगा। देशभर के विद्वानों और संस्कृत विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं पूर्व कुलपति भी भाग लेंगे। संस्कृत, शास्त्र, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान देने वाले स्वामी बालमुकुन्दाचार्य, शिक्षक राजवीर चलकोई सहित 27 विद्वानों को सारस्वत सम्मान दिया जाएगा। महोत्सव के तीसरे दिन स्वामी पद्मनाभशरण देवाचार्यजी ने निम्बार्क दर्शन, उपासना पद्धति एवं अनन्य शरणागति पर प्रवचन दिया।

एक मिनट में 466 फुल-कॉन्टैक्ट पंच कलाई पर था एक किलो का वजन

तीन-बच्चों ने मार्शल आर्ट्स में बनाए इंडिया-एशिया रिकॉर्ड



संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर के तीन नन्हे खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट्स में इंडिया और एशिया रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। शिवा क्लब के 16 वर्षीय गिर्राज मीणा, 14 वर्षीय पूर्वाश्री और 14 वर्षीय भविष्य धनोपिया ने एक मिनट में ऐसे प्रदर्शन किए कि रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहे। गिर्राज मीणा ने अपनी दोनों कलाइयों पर एक किलोग्राम का रिस्ट वेट पहनकर एक मिनट में 466 फुल-कॉन्टैक्ट पंच लगाए। खास बात यह रही कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए तीनों को कड़ी शारीरिक मेहनत से गुजरना पड़ा। लगातार अभ्यास के दौरान हाथों में चोट लगी, पैरों में सूजन आई और कई दिनों तक दर्द भी बना रहा, लेकिन तीनों ने हिम्मत नहीं हारी और प्रैक्टिस जारी रखी। शिवा क्लब में 27 नवंबर को आयोजित आधिकारिक रिकॉर्ड प्रयास के दौरान तीनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रदर्शन किया। यह आयोजन इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं एडजुडिकेटर डॉ. भुवनेश माथुरिया की मौजूदगी में हुआ।गिर्राज ने निर्धारित एक मिनट में 466 पंच लगाकर इंडिया रिकॉर्ड बनाया। पूर्वाश्री ने नी स्ट्राइक्स की श्रेणी में क्षमता दिखाई। उन्होंने दो किलोग्राम वजन पकड़कर एक मिनट में 220 नी स्ट्राइक्स लगाई। नी स्ट्राइक मार्शल आर्ट्स की ऐसी तकनीक है, जिसमें घुटने के जरिए तेजी और ताकत के साथ वार किया जाता है। उनके इस प्रदर्शन को इंडिया और एशिया रिकॉर्ड की उपलब्धि के रूप में दर्ज किया गया। भविष्य धनोपिया ने डबल स्लैप किक्स की श्रेणी में असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने दो किलोग्राम वजन पकड़कर एक मिनट में 311 डबल स्लैप किक्स लगाई। भविष्य ने एक मिनट में 311 किक्स पूरी कर इंडिया और एशिया रिकॉर्ड अपने नाम किया।

70 लाख कीमत भूखंड के फेक डॉक्यूमेंट किए थे तैयार, कमीशन पर बनाए पट्टा-लीज डीड

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के तीन संविदाकर्मी अरेस्ट

संजीवनी टुडे



जयपुर। जयपुर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के तीन संविदाकर्मियों को जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शुक्रवार को अरेस्ट किया। आरोपियों ने 70 लाख रुपए कीमत के भूखंड के फेक डॉक्यूमेंट बनाए थे। आरोपियों ने कमीशन के लालच में इस वारदात को अंजाम दिया। डीसीपी (ईस्ट) रंजीता शर्मा ने बताया- जालसाजी में आरोपी प्रवीण उज्जैनिया (32) निवासी टैगोर नगर करतारपुरा, अशोक कुमार बैरवा (43) निवासी जेडीए कॉलोनी झालाना डूंगरी और विकास कुमार जाट (30) निवासी खेतड़ी बबाई झुंझुनूं को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में आरोपी प्रवीण कम्प्यूटर ऑपरेटर, अशोक कुमार बैरवा पीओन और विकास कुमार कर्मचारी गार्ड के पद पर है। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के तीनों आरोपी संविदा पर लगे हुए हैं। हाउसिंग बोर्ड के एक भूखंड के फेक डॉक्यूमेंट (पट्टा-लीज डीड) बनवाए थे। 70 लाख रुपए कीमत के भूखंड पर तीनों आरोपियों ने मिलकर कमीशन पर पट्टे बनाकर दिए।

दो आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार

पुलिस ने बताया- जवाहर सर्किल थाने में परिवादी नरेंद्र कुमार गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया- राजस्थान आवासन मंडल की ओर से आवासीय भूखंड आवंटित किया गया था। मैंने भूखंड के एवज में नियमित और एकमुश्त रकम जमा करवाई थी। जाली सिग्नेचर और पुरानी फोटो का यूज कर फेक इकरारनामा, मुख्त्यारनामा और वसीयतनामा तैयार कर और झूठे गवाहों व मंडल के कर्मचारियों की मिलीभगत से साजिश कर भूखंड का नियमितिकरण और पट्टा/लीज डीड अपने हक में कर बेचान करवा ली गई।

साइबर सुरक्षा हैकाथॉन आज से, 37 टीमें खोजेंगी समाधान

जयपुर (संजीवनी टुडे)। साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और पुलिस जांच को तकनीक आधारित बनाने के लिए राजस्थान पुलिस एवं राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की ओर से 28 और 29 नवंबर को राजस्थान पुलिस अकादमी में साइबर सिक्योरिटी हैकाथॉन-2026 आयोजित होगा। इसमें देशभर की 37 चयनित टीमें 24 घंटे तक तकनीकी समाधान विकसित करेंगी। हैकाथॉन का उद्घाटन 28 नवंबर को सुबह 10 बजे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर ए. सावंत करेंगे। समापन समारोह 29 नवंबर को शाम 4 बजे होगा, जिसमें मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। आयोजन में 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण, ठगी की रकम वापस दिलाने, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध ऑनलाइन अपराधों की रोकथाम, प्रक्रियाओं के स्वचालन और साइबर अपराध प्रभावित क्षेत्रों की पहचान पर काम होगा।

दुनियाभर में घोसल हेमेटोडायफिसियल सिंड्रोम के महज 40 मरीज

जेके लोन में पहचानी बच्चे की दुर्लभ बीमारी, सफल इलाज

संजीवनी टुडे



जयपुर। जयपुर के जेके लोन अस्पताल में बेहद दुर्लभ बीमारी से जुड़ा मामला सामने आया। इस बीमारी का नाम है-घोसल हेमेटोडायफिसियल सिंड्रोम। अस्पताल के चिकित्सकों का दावा है, विश्व की मेडिकल हिस्ट्री में अभी तक इस बीमारी के सिर्फ 40 मामले सामने आए हैं। खास बात है कि अस्पताल में इलाज के बाद बच्चा लगातार स्वस्थ हो रहा है।

जेके लोन अस्पताल स्थित डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल जेनेटिक्स के इंचार्ज डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि हमारे पास एक रेयर डिजीज से जूझ रहे बच्चे का मामला आया। इस बीमारी का नाम घोसल हेमेटोडायफिसियल सिंड्रोम है, जो आनुवांशिक विकार है। इस बीमारी में बच्चे के शरीर पर रक्त के चकते बनने लगते हैं। बच्चे के परिजनों ने कई जगह इलाज कराया, लेकिन राहत नहीं मिली। बच्चे को जब डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल जेनेटिक्स विभाग लाए तो जांच में बच्चे के जीन में बीमारी पैदा करने वाला बदलाव पाया गया। इस आनुवंशिक विकार का सीधा संबंध हड्डियों की असामान्य बनावट और शरीर में रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रक्रिया से है। डॉक्टर प्रियांशु माथुर के मुताबिक बच्चे को डेढ़ साल की उम्र में शरीर पर रक्त के चकते बनने लगे थे। हमारे पास 3 साल 8 महीने की उम्र में बच्चा आया था। करीब 4 महीने इलाज चला है और नवंबर के शुरुआत में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। अब बच्चा स्वस्थ है।

डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि घोसल हेमेटोडायफिसियल सिंड्रोम दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है। इसमें मुख्य रूप से हड्डियों के घनत्व और बोन मैरो की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। इस कारण बच्चे में एनीमिया यानी खून की कमी और रक्त कोशिकाओं के निर्माण से जुड़ी समस्याएं सामने आती है। बीमारी में हड्डियों के मध्य हिस्से में असामान्य बदलाव भी देखने को मिलता है। जब बच्चे की जांच रिपोर्ट सामने आई तो बच्चे का हीमोग्लोबिन 7 ग्राम प्रति डेसीलीटर और प्लेटलेट्स 84 हजार दर्ज किए गए। बच्चे की स्थिति, खून की जांच और बोन मैरो की रिपोर्ट के आधार पर बच्चे के इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई। समय पर पहचान और जेनेटिक जांच का महत्व चिकित्सकों का मानना है कि बच्चों में लंबे समय तक बनी रहने वाली खून की कमी, प्लेटलेट्स की कमी और हड्डियों से जुड़ी असामान्यताओं के पीछे दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी भी कारण हो सकती है। आधुनिक जेनेटिक जांच से ऐसी बीमारियों की पहचान और उपचार की दिशा तय करने में मदद मिलती है. डॉ. माथुर ने बताया कि घोसल हेमेटोडायफिसियल सिंड्रोम के दुनिया में अभी तक सिर्फ 40 मामले सामने आए हैं।

न्यूज इन शॉर्ट

सुबोध कॉलेज में छात्र से मारपीट

जयपुर(संजीवनी टुडे)। गांधीनगर थाना इलाके में सुबोध कॉलेज में छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कॉलेज परिसर में युवराज राजपूत ने छात्र के साथ बिना किसी कारण बहसबाजी और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद युवराज ने अपने साथी अमन और गोविंद राजपूत के साथ मिलकर छात्र के साथ मारपीट की। परिवादी के अनुसार, 23 नवंबर को कॉलेज के बाहर निकलने के बाद आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। सिर में दो टांके लगाने पड़े। पीड़ित ने गांधीनगर थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने गुरुवार 26 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग को किडनैप कर गुजरात ले गया

जयपुर (संजीवनी टुडे)। यहां 17 साल की नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने मिलने के बहाने बुलाकर नाबालिग को किडनैप कर उसे गुजरात ले गया। विरोध करने पर नाबालिग को छोड़कर आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने नाबालिग पीड़िता के बयान पर एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने मामले में फरार आरोपी को अरेस्ट कर गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेसी (ज्यूडिशियल कस्टडी) भेज दिया।

थानाधिकारी ने बताया- एक ही कंपनी में जॉब करने के चलते आरोपी से नाबालिग की मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने नाबालिग से दोस्ती कर ली। अक्टूबर महीने में दोस्ती का दबाव बनाकर उसे मिलने बुलाया। नाबालिग के मिलने आने पर बहला-फुसलाकर उसका किडनैप कर गुजरात ले गया। वहां ले जाकर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी उसे गुजरात के एक मंदिर में छोड़कर फरार हो गया। गुजरात से लेकर आए परिजनों के साथ थाने पहुंचकर नाबालिग पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता के बयान लेकर पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

10 हजार का इनामी भूमाफिया अरेस्ट

जयपुर(संजीवनी टुडे)। जयपुर की जामडोली थाना पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी भूमाफिया को गुरुवार रात अरेस्ट किया है। वह एक साल से फरार चल रहा था। एक साल से पुलिस 5 मामलों में वांटेड भूमाफिया की तलाश कर रही थी। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) रंजीता शर्मा ने बताया- गिरफ्तार आरोपी अजीत सिंह उर्फ जीतू (33) आरकेपुरम कॉलोनी बस्सी का रहने वाला है। जामडोली में महेश विहार नाम से कॉलोनी में 1500 वर्गगज विवादित भूमि को जानते हुए आरोपी ने अपने प्रॉफिट के लिए दूसरे व्यक्ति से खरीदी।

जगदीश विश्नोई गैंग का सदस्य, दो अभ्यर्थियों को 15 और 20 लाख में बेचे थे पेपर

सब-इंस्पेक्टर भर्ती पेपर लीक में दो साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

जयपुर। एसओजी ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में दो साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी अतुल विश्नोई उर्फ श्रीराम विश्नोई (28) निवासी श्रीराम दांतीवास गांव थाना भीनमाल जिला जालोर है। आरोपी पेपर लीक गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई और ओमप्रकाश ढाका



गैंग का सदस्य है।
एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया- जांच में सामने आया कि आरोपी ने लीक प्रश्न पत्र जोधपुर के दिनेश विश्नोई को 15 लाख रुपए और सुभाष विश्नोई को 20 लाख रुपए में उपलब्ध करवाया था। जगदीश विश्नोई के हैंडलर के माध्यम से लिखित परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराया था। इसके आधार पर दोनों का सब-इंस्पेक्टर पद पर अवैध रूप से अंतिम चयन हुआ था।

खुद भी लीक पेपर से दी थी परीक्षा

जांच में सामने आया कि अतुल विश्नोई ने भी लीक हुआ प्रश्नपत्र पढ़कर 14 सितंबर 2021 को लिखित परीक्षा दी थी। उसने हिंदी विषय में 200 में से 160.98 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 160.65 अंक हासिल किए थे। हालांकि शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल रहने के कारण उसका अंतिम चयन नहीं हो सका।

स्थायी गिरफ्तारी वारंट था जारी

आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 22 अप्रैल 2025 को कोर्ट से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। एसओजी ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।एसओजी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 नवंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। 26 नवंबर को कोर्ट में पेश करने पर उसे 30 नवंबर तक पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर सौंपा गया है।

अब तक 158 आरोपी गिरफ्तार

मामले में मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जा चुका है। वहीं दिनेश विश्नोई, सुभाष विश्नोई और ओमप्रकाश ढाका के खिलाफ पूरक आरोप पत्र भी कोर्ट में पेश किए जा चुके हैं। मामले में अब तक कुल 158 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

ट्रैफिक ई-चालान के नाम पर 1.57 लाख का फ्रॉड

जयपुर। जयपुर में ट्रैफिक पुलिस के ई-चालान के नाम पर 1.57 लाख रुपए का साइबर फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। मोबाइल पर टैक्स मैसेज के जरिए ई-चालान भेजा गया। लिंक क्लिक करने पर एपीके फाइल डाउनलोड होने ऑनलाइन फ्रॉड किया गाय। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एयरपोर्ट थाना एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि जगतपुरा के पुरूषार्थ नगर-सी निवासी दीपक माहेश्वरी (46) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

दोनों के आए दिन झगड़ा करने से था परेशान, शवों की बेइज्जती, पुलिस पिकअप में डालकर ले गई

मां-बहन की हत्या कर खुद भी फांसी के फंदे पर लटका

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर के भट्ठा बस्ती थाना इलाके में मां-बहन के झगड़े से परेशान युवक ने दोनों की हत्या कर दी। उसके बाद फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। घटना गुरुवार दोपहर की है। तीनों की मौत की जानकारी शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मिली। शव घर के एक ही कमरे में मिले हैं। इस कमरे की दीवार पर एक कागज चिपका मिला। जिसमें लिखा था- मेरा सुसाइड नोट मोबाइल फोन में है। इसमें बेटे ने खुद को मानसिक बीमार भी बताया है। जांच के बाद पुलिस पर शवों की बेइज्जती का भी आरोप लगा है। आरोप है कि तीनों बॉडी को पुलिस बिना एंबुलेंस के



एक पिकअप में डालकर हॉस्पिटल ले गई।

एडि. डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया कि शवों की पहचान सरोज देवी (50), उनकी बेटी शिवांगी (25) और बेटे लक्की (27) के रुप में हुई है। लक्की-मां और बहन के झगड़े से परेशान था। गुरुवार को भी बहन मां के साथ झगड़ रही थी और मां के साथ मारपीट कर रही थी। इसी कारण उसने हत्या कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को लक्की के मोबाइल में मिले सुसाइड नोट में मानसिक बीमार होने की जानकारी मिली है। इसमें लिखा है कि हमारे परिवार के अंदर इस तरह की बीमारी है।

पिता ने 26 साल पहले की थी आत्महत्या

कुछ सालों पहले हमने जांच करवाई थी, उसमें यह लक्षण पाए गए थे। जानकारी के अनुसार युवक के पिता ने भी 26 साल पहले सुसाइड किया था।

फोन नहीं उठाया, तो पड़ोसियों को कॉल किया

बजरंग सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह सरोज देवी के पिता दीप तिवारी ने पड़ोसियों को कॉल किया था। उन्होंने कहा था कि- परिवार में से कोई फोन नहीं उठा रहा है, एक बार जाकर चेक कर लें। पड़ोसी घर पहुंचे तो कमरे में तीनों के शव मिले।

परिवार ज्यादातर घर में ही रहता था

जानकारी के अनुसार परिवार ज्यादातर घर में ही रहता था। बाहर नहीं निकलता था। बेटा ऑनलाइन काम करता था, लेकिन उसका भी बाहर आना-जाना नहीं होता था।

अभद्र भाषा का यूज करने और सेशन जज पर मकान बेचकर जाने का दबाव बनाने का आरोप

भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य पर एफआईआर

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर के गलतागेट थाने में हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। इसमें अभद्र भाषा का यूज करने का आरोप है। उन्होंने उसका वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। गलतागेट थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया- ईदगाह के वन विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद याकूब खान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मोहम्मद याकूब ने शिकायत में बताया कि वह राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं। उनके ताऊजी के बेटे मोहम्मद आरिफ सेशन जज कैडर के न्यायिक अधिकारी हैं, जो जयपुर के बाहर पदस्थापित हैं। बास बदनपुरा की मीणा कॉलोनी में 31 जुलाई 2025 को सेशन जज मोहम्मद आरिफ ने मकान खरीदा था। 10 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 11:30 बजे जज के घर के बाहर विधायक बालमुकुंद आचार्य



समर्थकों के साथ पहुंच गए।आरोप है कि विधायक बालमुकुंद आचार्य ने वहां से पलायन करने की बात करते हुए अभद्र और धमकी भरी भाषा का यूज किया। मकान को बेचकर उनके क्षेत्र से बाहर चले जाने का दबाव बनाया।

विधायक ने अभद्र भाषा में कहा था कि 'नहीं आया..., चौराहे पर कूटूंगा आज। वीडियो और बनाऊंगा। कोई बात नहीं मर जाएगा...। मेरा कहना नहीं मानेगा, उस आदमी का यही हाल होगा।' सेशन जज मोहम्मद आरिफ भी उस क्षेत्र से मकान बेचकर सी-स्कीम या वैशाली नगर चले जाएं। इस घटना का विधायक की ओर से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। कुछ समय बाद वीडियो को हटा भी दिया गया। उस वीडियो की क्लिप सोशल मीडिया पर अब भी शेयर हो रही है।

2007 में खरीदे प्लॉटों पर 19 साल बाद भी कब्जा नहीं देने का आरोप, जेडीए में शिकायत

सालासर ओवरसीज और निदेशक के खिलाफ दो मामले दर्ज

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में जमीन और प्लॉट आवंटन से जुड़े विवाद में सालासर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक ज्ञानचंद अग्रवाल के खिलाफ जयपुर में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज हुई हैं। कंपनी से जुड़े मामलों में प्लॉट आवंटन के नाम पर धोखाधड़ी, कथित फर्जी पट्टे तैयार करने और जमीन पर कब्जे की कोशिश के आरोप लगाए गए हैं। मामले में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के सचिव को भी शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल, नारायण विहार ओ-फेज-5 और ओ-फेज-6 में 2007 में आवंटित प्लॉटों का है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्लॉट खरीदने और आवंटन पत्र मिलने के बावजूद उन्हें अब तक कब्जा नहीं दिया गया। दूसरे मामले में असरपुरा, सांगानेर स्थित जमीन पर कथित फर्जी पट्टों के आधार पर कब्जा करने की कोशिश की शिकायत की गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू



कर दी है। जेडीए में शिकायत, जमीन और पट्टों की वैधता पर सवालसालासर ओवरसीज से जुड़े जमीन विवादों को लेकर जेडीए अधिकारियों के समक्ष शिकायत की गई है। शिकायत में संबंधित जमीनों के स्वामित्व, प्लॉट आवंटन दस्तावेजों और पट्टों की वैधता की जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जमीनों के रिकॉर्ड और आवंटन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। ऐसे में जेडीए के रिकॉर्ड की जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि संबंधित जमीनों की मूल स्थिति क्या थी, प्लॉट किस आधार पर आवंटित किए गए और कथित पट्टे जारी करने की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप थी या नहीं। नारायण विहार थाना क्षेत्र में दर्ज पहली एफआईआर चिमन लाल ठकराल की शिकायत पर दर्ज हुई।

ठकराल के अनुसार, उन्होंने सालासर ओवरसीज की योजना नारायण विहार ओ-फेज-5 में प्लॉट नंबर 230, क्षेत्रफल 266.66 वर्ग गज, 29 अगस्त 2007 के आवंटन पत्र के जरिए अपने नाम कराया था। इसके अलावा उनकी पत्नी अर्चना ठकराल के नाम ओ-फेज-6 में प्लॉट नंबर 034, क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, 27 अगस्त 2007 को आवंटित किया गया था। शिकायतकर्ता का कहना है कि कंपनी के विज्ञापन और प्रतिनिधियों के भरोसे पर उन्होंने निवेश के लिए ये प्लॉट खरीदे थे।

सहवाग ने एयरपोर्ट पर हाथ हिलाकर फैंस का किया अभिवादन



संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को क्रिकेट, बॉलीवुड और चर्चित शख्सियतों का जमावड़ा देखने को मिला। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और तिहाड़ जेल के चर्चित सहायक जेलर दीपक शर्मा एयरपोर्ट पर नजर आए। तीनों अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंचे हैं। इनके एयरपोर्ट पर पहुंचने की खबर मिलते ही प्रशंसकों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान किसी ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर के साथ तस्वीर लेने की कोशिश की तो किसी ने दीपक शर्मा के साथ फोटो क्लिक करवाई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग एयरपोर्ट पर अपने चिर-परिचित सहज अंदाज में नजर आए। एयरपोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें देखते ही अभिवादन किया। सहवाग ने भी मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। उनके साथ तस्वीर लेने के लिए प्रशंसकों में उत्सुकता दिखाई दी। क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले सहवाग की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। वीरेंद्र सहवाग भारतीय क्रिकेट के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। उन्होंने टेस्ट और वनडे क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई यादगार पारियां खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक लगाने वाले चुनिंदा बल्लेबाजों में उनका नाम शामिल है। उन्होंने वनडे क्रिकेट में भी दोहरा शतक जड़कर इतिहास रचा था। वहीं, तिहाड़ जेल के चर्चित सहायक जेलर और बॉडीबिल्डर दीपक शर्मा भी जयपुर एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। एयरपोर्ट पर उन्हें देखकर कई प्रशंसक उनके पास पहुंचे। दीपक शर्मा ने भी लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया।

इस शहर की खूबसूरती को बनाए रखें, कंस्ट्रक्शन पर कंट्रोल करें, शादी में शामिल होने आए थे

एक्टर विंदु दारा सिंह ने कहा- जयपुर में पहले जैसी ठंड नहीं

संजीवनी टुडे

जयपुर। बॉलीवुड एक्टर विंदु दारा सिंह गुरुवार देर रात जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि जयपुर जब भी आता हूं, बहुत अच्छा लगता है। यह शहर अपने आप में अनोखा है और यहां आकर हमेशा मजा आता है। लगातार शूटिंग और इवेंट्स के सिलसिले में जयपुर आना होता रहता है। जयपुर देश के अनोखे शहरों में से एक है। इसे जिस खूबसूरती और पहचान के लिए जाना जाता है, उसे बरकरार रखने की जरूरत है। शहर में शांति बनाए रखने के साथ-साथ अनियंत्रित निर्माण पर भी नियंत्रण होना चाहिए। विंदु दारा सिंह अपने दोस्त नागर साहब के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हैं। एयरपोर्ट पर उन्हें देखते ही फैंन्स ने घेर लिया। गर्मजोशी के साथ उनसे मुलाकात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं। शहर में बदलते माहौल और मौसम पर बात करते हुए विंदु ने कहा कि जयपुर का मौसम हमेशा से खास रहा है। हालांकि, पहले इस समय शहर में जितनी ठंड हुआ करती थी, अब वैसी ठंड महसूस नहीं होती। उन्होंने शहर की मूल पहचान और खूबसूरती को बचाए रखने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जयपुर यादों का शहर है। जब भी यहां से वापस जाता हूं, अपने साथ बहुत सारी यादें लेकर जाता हूं। विंदु दारा सिंह हिंदी फिल्म और टेलीविजन जगत का जाना-पहचाना नाम हैं। वे दिग्गज पहलवान और अभिनेता दारा सिंह के बेटे हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कॉमेडी, एक्शन और अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर दर्शकों के बीच पहचान बनाई है। फिल्मों के साथ टेलीविजन पर भी वे काफी सक्रिय रहे हैं। वे सलमान खान के लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस के तीसरे सीजन के विजेता रहे। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी धारावाहिकों और रियलिटी शोज में हिस्सा लेकर दर्शकों का मनोरंजन किया है।

नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में विषय विशेषज्ञों की कमेटी बनाने के निर्देश, बोनस अंक पर विवाद

हाईकोर्ट ने कहा-हम हर विषय के एक्सपर्ट नहीं हैं

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने से जुड़े विवाद पर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

जस्टिस अनूप कुमार ढंढ की एकलपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के 8 विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करे। यह कमेटी विभिन्न सरकारी योजनाओं में काम कर चुके संविदा कर्मियों के काम की तुलना नर्सिंग ऑफिसर के पद से करेगी। कमेटी को आदेश की प्रति मिलने के 6



सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट देनी होगी, जिसके आधार पर सरकार अगले 4 सप्ताह में बोनस अंक देने पर अंतिम फैसला लेगी।कोर्ट ने बलदेव प्रसाद सहित दर्जनों याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया है।

लेकिन याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उनके पास विभिन्न सरकारी योजनाओं में काम करने का वैध अनुभव प्रमाण पत्र है। उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर के समान ही ड्यूटी की है, लेकिन विभाग उनके अनुभव को मान्य नहीं कर रहा। बोनस अंक नहीं मिलने के कारण उनका नाम 6 दिसंबर 2024 को जारी अंतिम मेरिट सूची से बाहर कर दिया गया। वहीं, इस मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केवल किसी सरकारी योजना में काम कर लेना बोनस अंक का हकदार नहीं बनाता। सरकार का मानना है कि याचिकाकर्ताओं ने 'नर्स ग्रेड-प्रथम और दिव्तीय के निर्धारित कार्य और जिम्मेदारियां नहीं निभाई हैं। इसलिए उन्हें बोनस अंक नहीं दिए जा सकते।

अदालत किसी विषय की विशेषज्ञ नहीं होती

दोनों पक्षो को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि अदालत किसी विषय की विशेषज्ञ नहीं होती है। विभिन्न योजनाओं में किए गए काम और नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटी के बीच समानता तय करना एक तकनीकी और तथ्यात्मक विषय है, जिसका आकलन केवल चिकित्सा और नर्सिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ ही कर सकते हैं।

यह है पूरा मामला

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 5 मई 2023 को नर्सिंग ऑफिसर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें सरकारी योजनाओं (जैसे एनएचएम, आर एम आर एस, 108 एम्बुलेंस आदि) में समान कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को अनुभव के आधार पर 10, 20 और 30 (कोविड कर्मियों को 15, 20 और 30) बोनस अंक दिए जाने का प्रावधान किया था।

घर के बाहर बैठकर धूप सेक रहे थे, ओवर स्पीड गाड़ी ने टक्कर मारकर ठेले को पलटा

बेकाबू कार ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में बेकाबू कार ने बुजुर्ग को रौंद दिया, जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। घर के बाहर धूप में बैठे थे। बुजुर्ग को रौंदने के बाद ओवर स्पीड कार ने एक ठेले को भी टक्कर मार दी, जिससे ठेला पलट गया। लोगों के पीछा करने पर ड्राइवर कार को लेकर फरार हो गया। जवाहर नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जवाहर नगर थाना एसएचओ सरला यादव ने बताया- हादसे में मोहन लाल (66) पुत्र हंसराज निवासी सिंधी कॉलोनी कच्ची बस्ती जवाहर नगर की मौत हो गई। गुरुवार दोपहर को परिजनों ने धूप सेकने के लिए मोहन लाल को घर के बाहर कुर्सी पर बैठाया था। शाम करीब 4:30 बजे शांति पथ की ओर से ओवर स्पीड कार आई। जिसने घर के बाहर रोड किनारे कुर्सी पर बैठे मोहन लाल को चपेट में ले लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने मोहन को एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान मोहन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेजो को खंगाला। फुटेज में कार से एक्सीडेंट की करतूत कैद मिली। पुलिस की ओर से फुटेज के आधार पर कार व उसके ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



राजेश मीणा
प्रधान संपादक

संपादकीय

समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय की याद

28 नवम्बर सिर्फ कैलेंडर की एक तारीख नहीं है। यह दिन हमें उन संघर्षों की याद दिलाता है जिन्होंने समाज को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने का रास्ता खोला। आज जब हम इस तिथि पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले महाराष्ट्र के महान समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले (ज्योतिबा फुले) की पुण्यतिथि याद आती है। 28 नवम्बर 1890 को उनका निधन हुआ था। उन्होंने अपने जीवन को महिलाओं की शिक्षा, दलितों-पिछड़ों के अधिकारों और जाति-व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष को समर्पित कर दिया था। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर उन्होंने लड़कियों के लिए स्कूल खोले–ऐसे समय में जब समाज महिलाओं को शिक्षा से दूर रखने में विश्वास करता था।?

ज्योतिबा फुले का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वे मानते थे कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है जो व्यक्ति को गुलामी से मुक्त करती है–चाहे वह गुलामी जाति की हो, लिंग की हो या अज्ञान की। उनके विचारों ने बाद के कई सुधार आंदोलनों को प्रेरणा दी। आज जब हम शिक्षा के अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक समानता की बात करते हैं, तो हमें उनके इस मूल मंत्र को नहीं भूलना चाहिए कि सच्चा विकास तभी संभव है जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग को भी समान अवसर मिले।

इतिहास इस दिन को और भी कई महत्वपूर्ण घटनाओं से जोड़ता है। 1893 में न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में महिलाओं ने पहली बार मतदान किया था–दुनिया में महिलाओं के मताधिकार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम। 1912 में अल्बानिया ने तुर्की से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1843 में ब्रिटेन और फ्रांस ने हवाई की स्वतंत्रता को मान्यता दी। ये घटनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि स्वतंत्रता, समानता और गरिमा की लड़ाई विश्वव्यापी रही है।?

आज के समय में इन यादों का क्या अर्थ है? एक ओर हम तकनीकी प्रगति और आर्थिक विकास की बात करते हैं, दूसरी ओर सामाजिक विषमता, लैंगिक असमानता और शिक्षा में असमान पहुँच जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। छोटे व्यवसायों को समर्थन, वैज्ञानिक जिज्ञासा और सामुदायिक भावना–ये सब 28 नवम्बर को जुड़े आधुनिक आयाम हैं। लेकिन मूल प्रश्न वही है–क्या हम अपने समाज को अधिक न्यायपूर्ण बना रहे हैं? संपादकीय दृष्टि से यह दिन हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। सरकारों, शिक्षण संस्थानों, नागरिक समाज और हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा सिर्फ डिग्री न बने, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बने।

भारतीय खाद्य संस्कृति पर आघातों से सुप्रीम कोर्ट चिन्तित



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

भारत की पहचान केवल उसकी आध्यात्मिकता, विविधता और संस्कृति से नहीं, उसकी रसोई से भी होती है। हमारी रसोई में स्वाद के साथ स्वास्थ्य, ऋतु के साथ संतुलन और भोजन के साथ संस्कार जुड़े रहे हैं। दादी-नानी के हाथों का भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं था, वह परिवार की सेहत की पहली पाठशाला था। दाल, बाजरा, ज्वार, रागी, हरी सब्जियां, मौसमी फल, छाछ, अंकुरित अनाज, मसालों का संतुलित उपयोग और घर का ताजा भोजन भारतीय जीवन-पद्धति की ताकत रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में हमारी थाली धीरे-धीरे बदल गई है। स्वाद के नाम पर बाजार ने हमारी रसोई में प्रवेश किया और सुविधा के नाम पर पैकेट ने घर की कड़ाही को पीछे धकेलना शुरू कर दिया। इसी बदलती खाद्य संस्कृति के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्देश एक महत्वपूर्ण चेतावनी की तरह सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य पैकेटों पर फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबलिंग को मजबूत करने का निर्देश देते हुए कहा है कि अधिक शुगर, सैचुरेटेड फैट और नमक वाले उत्पादों पर अलग-अलग स्पष्ट चेतावनी चिह्न हों। न्यायालय ने 'टोटल शुगर' और 'सैचुरेटेड फैट' को प्रमुखता से दिखाने तथा 'हाई शुगर', 'हाई फैट और 'हाई साल्ट' जैसे स्पष्ट संकेत देने की दिशा में कदम उठाने को कहा है। उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है-उपभोक्ता को वह जानकारी सामने मिले, जिसे वह छोटे अक्षरों में खोजते-खोजते अक्सर छोड़ देता है।

दाल, बाजरा, ज्वार, रागी, हरी सब्जियां, मौसमी फल, छाछ, अंकुरित अनाज, मसालों का संतुलित उपयोग और घर का ताजा भोजन भारतीय जीवन-पद्धति की ताकत रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में हमारी थाली धीरे-धीरे बदल गई है।



यह फैसला केवल लेबल बदलने का फैसला नहीं है, यह उस सोच को बदलने का प्रयास है जिसमें चमकदार पैकेट देखकर भोजन की गुणवत्ता तय कर ली जाती है। आज बाजार में किसी उत्पाद का विज्ञापन उसकी पौष्टिकता से अधिक आकर्षक पैकेजिंग, स्वाद और सुविधा बेचता है। बच्चे रंगीन पैकेट से आकर्षित होते हैं, युवा त्वरित भोजन को जीवनशैली समझने लगे हैं और व्यस्त परिवारों के लिए डिब्बाबंद भोजन समय बचाने का आसान विकल्प बन गया है। समस्या तब पैदा होती है जब सुविधा धीरे-धीरे आदत और आदत बीमारी में बदल जाती है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि भोजन का अर्थ बदल रहा है। भोजन कभी जीवन को पोषण देने की प्रक्रिया था, अब वह तेजी से उपभोग की वस्तु बन रहा है। अधिक नमक, अधिक चीनी और अधिक वसा हमारे स्वाद की इंद्रियों को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन शरीर की जरूरतों को नहीं। स्वाद की जीभ छोटी अवधि की खुशी चाहती है, जबकि शरीर दीर्घकालिक संतुलन मांगता है। बाजार ने हमारी जीभ को जीतने की कोशिश की है, अब हमें अपने विवेक को जीतना होगा।

भारत जैसे देश में यह चुनौती और गंभीर है, क्योंकि यहां भोजन केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं, संस्कृति का हिस्सा है। हमारी परंपरा में 'जैसा अन्न वैसा मन' की धारणा रही है। भोजन को आयु, ऋतु, प्रकृति और श्रम के अनुरूप लेने की परंपरा थी। भारतीय रसोई में अनेक ऐसे खाद्य पदार्थ मौजूद हैं जिन्हें आज दुनिया 'सुपरफूड' कहकर खोज रही है। बाजरा, जौ, दालें, तिल, मूंगफली, विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जियां और स्थानीय खाद्य परंपराएं हमारी अपनी विरासत हैं। विडंबना यह है कि जिन खाद्य पदार्थों की ओर दुनिया स्वास्थ्य के लिए लौट रही है, हम उन्हीं को छोड़कर अत्यधिक प्रसंस्कृत और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की पहल को केवल उपभोक्ता अधिकार का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। इसे भारतीय खाद्य संस्कृति के पुनर्जागरण के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

सरकार की जिम्मेदारी भी यहां बहुत बड़ी है। खाद्य सुरक्षा का अर्थ केवल यह सुनिश्चित करना नहीं होना चाहिए कि उत्पाद खाने योग्य है, यह भी देखना होगा कि उपभोक्ता को उस उत्पाद के वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव की जानकारी आसानी से मिले। एफएसएसएआई को वैज्ञानिक, स्पष्ट और उपभोक्ता-केंद्रित नियम बनाने होंगे। केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं, उनका प्रभावी निरीक्षण और कठोर पालन भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश इसी दिशा में नियामकीय व्यवस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। लेकिन सारी जिम्मेदारी सरकार या अदालत की नहीं हो सकती। उपभोक्ता को भी अपनी थाली का प्रहरी बनना होगा। जिस प्रकार हम घर खरीदते समय कीमत, स्थान और गुणवत्ता देखते हैं, उसी प्रकार भोजन खरीदते समय उसके घटकों को देखना भी हमारी आदत बननी चाहिए। किसी पैकेट पर बड़ा 'हेल्दी' लिखा होना उसे स्वतः स्वस्थ नहीं बना देता। विज्ञापन स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र नहीं है। असली प्रमाण उसके पोषण संबंधी विवरण और हमारी आवश्यकता के बीच संतुलन है।

बच्चों के मामले में विशेष सावधानी आवश्यक है। बच्चे विज्ञापन और पैकेजिंग से सबसे जल्दी प्रभावित होते हैं। यदि स्कूल के आसपास और डिजिटल माध्यमों पर अत्यधिक चीनी, नमक और वसा वाले खाद्य पदार्थों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाता रहेगा, तो स्वस्थ भोजन उनके लिए 'उबाऊ' और अस्वास्थ्यकर भोजन 'मजेदार' बन जाएगा। इसलिए स्कूलों को केवल पाठ्यपुस्तकों में स्वास्थ्य शिक्षा देने के बजाय कैंटीन और परिसर के आसपास उपलब्ध भोजन के माध्यम से भी स्वस्थ आदतें विकसित करनी होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों के आसपास ऐसे खाद्य पदार्थों और उनके विज्ञापनों पर नियंत्रण की दिशा में भी जोर दिया है।

सेहत से खिलवाड़ करने वाले खाद्य पैकेट पर खतरे की जानकारी देनी होगी



बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार



हमारे देश में बच्चे और युवा आजकल बीमारियां बढ़ाने वाले खाध पदार्थों का सेवन धड़ल्ले से कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है कि ये खाध पदार्थों के पैकेट आप की सेहत के लिए कितने खतरनाक है। देश की सर्वोच्च अदालत ने खानपान के इस बदले स्वरुप पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को निर्देश दिए है कि ऐसे खाद्य पैकेटों पर तस्वीर के साथ हाई शुगर, हाई साल्ट या हाई फैट सम्बन्धी चेतावनी लिखनी अनिवार्य होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश भी दिए है कि चीनी, नमक और फैट के लिए अलग अलग छह कोनो वाला बॉक्सनुमा निशान बनाकर ही उपभोक्ता को जानकारी दे। इससे जन साधारण को उपयोग से पहले इसके खतरनाक परिणामों की जानकारी मिल जाएगी।

यह देखा जाता है इस प्रकार के खाध पदार्थों ने घर घर में अपने पांव पसार लिए है। विशेषकर महानगरों के स्कूल, कालेजों और नौकरी करने वाले अधिकतर युवा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स अथवा फास्ट फूड पर चलते हैं, बल्कि यह कहना ज्यादा उचित होगा कि उन्हें इनका चस्का लगा हुआ है। नतीजा बड़ा ही खौफनाक है। इस फूड खाने के आदी युवा ऐसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं जो बुढ़ापे की बीमारियाँ समझी जाती हैं। बाजार में फूड के नाम पर जो चीजें सहज उपलब्ध हैं, उनमें शर्करा और चर्बी तो होती है, लेकिन प्रोटीन लगभग नदारद होती है। यही नहीं, उनमें पड़ने वाले कृत्रिम नमक और प्रिजर्वेटिव्स स्वास्थ्य के लिए जहर जैसे होते हैं। प्रोटीन की कमी उनमें कितनी ही स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा करती हैं। इसमें पोषण की कमी होती है और शरीर के तंत्र के लिए हानिकारक होता है। ज्यादातर अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड उच्च स्तर पर वसा, शुगर, लवणता, और बुरे कोलेस्ट्रॉल से परिपूर्ण होते हैं, जो स्वास्थ के लिए जहर होते हैं। इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है इसलिए आसानी से कब्ज और अन्य पाचन संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं।

दुनियाभर में सेहत से खिलवाड़ करने वाले खाद्य पैकेटों और जंक फूड्स के विरोध में आवाज मुखरित होने लगी है। ब्रिटेन ने अपनी आने वाली पीढ़ी की सेहत को ध्यान में रखते हुए जंक फूड्स के विज्ञापनों को लेकर कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। ब्रिटेन ने टीवी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर जंकफ़ूड के विज्ञापनों पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह प्रतिबंद उन जंक उत्पादों पर लागु होगा जिनमें फैट, नमक और चीनी की मात्रा अधिक होंगी। अंग्रेज सरकार ने अपने इस निर्णय को मोटापे के खिलाफ निर्णायक कदम बताया है।

हमारे देश की बात करे तो जंकफ़ूड पर यहां किसी तरह की रोक नहीं है। विज्ञापनों की भरमार देखी जा सकती है। जंकफूड ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। तीव्र गति से बढ़ते शहरीकरण, व्यस्त जीवन-शैली और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव ने भारत में लोगों के जीवन-यापन के तरीके को बदल कर रख दिया है। इन बदलावों के फलस्वरूप लोगों ने घर पर खाना पकाने और खाने की आदत में भी बदलाव किया है। महानगरों में में रहने वाले परिवारों की तैयार भोजन, फास्ट फूड और जंकफूड पर निर्भरता ज्यादा ही बढ़ गई है। अब तो इनकी पहुँच घर घर में हो गई है। यह बच्चों के प्रिय नाश्ते में शुमार हो गया है। देखा तो यह गया है पूरा परिवार अल्पाहार में फास्ट फूड का उपयोग करने लगा है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स को शुगरीड्रिंक्स, जंकफूड, पैकेज्ड फूड्स आदि विभिन्न नामों से भी जाना जाता है जिसमें खाने के नेचुरल तत्व हटा कर उसे कृत्रिम तत्वों में बदल दिया जाता है।

इसके अलावा देश और दुनिया में जंक या फ़ास्ट फ़ूडफूड का उपभोग दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है, जो भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। सभी आयु वर्ग के लोग जंकफूड खाना पसंद करते हैं और आमतौर पर, जब वे अपने परिवार के साथ कुछ विशेष समय, जैसे- जन्मदिन, शादी की सालगिरह, आदि का आनंद लेने के दौरान वे इन्हें ही चुनते हैं। वे बाजार में उपलब्ध जंकफूड की विभिन्न किस्मों जैसेय कोल्ड ड्रिंक, वेफर्स, चिप्स, नूडल्स, बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राईस, चाइनीज खाना आदि का प्रयोग करते हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेहत से खिलवाड़ करने वाले इन खाध पदार्थों के सेवन के फलस्वरूप विभिन्न बीमारियों के मरीजों की संख्यां करोड़ों में पहुँच गई है। इनमें अकेले डायबिटीज़ और प्री डायबिटीज से पीड़ितों की संख्या 23 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।

बूंदी उत्सव : जन-भागीदारी ही इसकी असली पहचान

बूंदी उत्सव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां इस बार सराहनीय हैं। वर्तमान जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव के नेतृत्व में प्रशासन ने उत्सव को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे बूंदी की जनता का उत्सव बनाने का प्रयास किया है।

शोभायात्रा, सांस्कृतिक संध्या, शिल्प मेला, हेरिटेज स्थलों पर विशेष व्यवस्था और स्थानीय कलाकारों को मंच देने की योजना से स्पष्ट है कि प्रशासन बूंदी की धरोहर को सम्मान के साथ सामने लाना चाहता है। साफ-सफाई, सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग और पर्यटकों की सुविधा पर दिया जा रहा ध्यान भी स्वागत योग्य है। जिला प्रशासन के इस सकारात्मक प्रयास के लिए बूंदी की जनता को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए, ताकि यह उत्सव वास्तव में भव्य और यादगार बन सके।

इस कड़ी में नगर परिषद सभापति भरत शर्मा ने भी आश्वस्त किया है कि इस बार बूंदी महोत्सव को पहले से बेहतर स्वरूप प्रदान करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और सौंपी गई हर जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। महोत्सव से हर शहरवासी का भावनात्मक जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी शहरवासी आज ही बूंदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लें।



मूलचंद शर्मा तलवास
लेखक व समजसेवी

बूंदी उत्सव सिर्फ एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि बूंदी की आत्मा का उत्सव है। 1995 में तत्कालीन जिला कलेक्टर डॉ. मधुकर गुप्ता ने 'हेरिटेज ऑफ हाड़ौती' से प्रेरित होकर इसे जन-भागीदारी से शुरू किया था। 1996 में पहला बूंदी उत्सव पूरी तरह जनता के सहयोग से हुआ था। आज जब बूंदी उत्सव 27 से 29 नवंबर तक फिर आयोजित हो रहा है, तब हमें उसकी मूल भावना को याद रखना होगा।

उत्सव का उद्देश्य सिर्फ तीन दिन भीड़ जुटाना नहीं, बल्कि बूंदी की धरोहर, कला और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। इसके लिए सबसे पहले बूंदी शैली की चित्रकला, चित्रशाला, भित्ति चित्र और स्थानीय चित्रकारों को मंच मिलना चाहिए। बाहर के बड़े कलाकार आएं, यह बहुत ही अच्छा है, लेकिन मंच की शुरुआत बूंदी के अपने कलाकारों से हो ताकी स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन हो। गढ़ पैलेस, तारागढ़, रानी जी की बावड़ी, नवल सागर, 84 खंभो की छतरी और चंबल घाट पर हेरिटेज वॉक, फोटो प्रदर्शनी, दीपदान और शोभायात्रा उत्सव के प्राण हैं। इन्हें और भव्य बनाना चाहिए। लोक गायन, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता और स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताओं से उत्सव गांव-गांव तक पहुंचेगा। पूर्व जिला कलक्टर मुग्धा सिन्हा ने तलवास में उपस्थित होकर शौभायात्रा व दीपदान से तलवास को महत्व दिया गया था लेकिन गत वर्षो से रतनसागर झील पर दीपदान, आतिशबाजी कर कार्यक्रम को पूर्ण कर लिया जाता हैं जब तक आमजन ऐसे आयोजनों में सम्मिलित नहीं होने पर कार्यक्रम की भव्यता नजर नहीं आती हैं। बूंदी उत्सव में जिले के प्राकृतिक स्थलों पर भी विशेष ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है।



हस्तशिल्प मेले में बूंदी के कुम्हार, बुनकर, चित्रकार और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। तभी 'वोकल फॉर लोकल' सार्थक होगा। साथ ही पर्यटकों के लिए साफ-सफाई, शौचालय, पानी, पार्किंग, सुरक्षा और सही जानकारी की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। अंत में यही कहना है कि बूंदी उत्सव तभी सफल होगा, जब वह सरकारी कार्यक्रम न लगकर बूंदी के लोगों का अपना उत्सव लगे। इस उत्सव में व्यापारी, विद्यार्थी, कलाकार, गाइड, होटल व्यवसायी और आम नागरिक - सबकी भागीदारी ही बूंदी उत्सव की सबसे बड़ी ताकत है।

बूंदी जिले में रहने वाले हर व्यक्ति को इस उत्सव को अपना उत्सव मानते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, तभी इस आयोजन की पूर्णतया सार्थकता साबित होगी। बूंदी जिला इस उत्सव के माध्यम से देशी, विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो पाएगा। जिला प्रशासन, बूंदी उत्सव समिति के साथ-साथ समस्त जिले को इस महाउत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेना होगा, तभी हम अपनी धरोहर व प्राकृतिक सौंदर्य को देश-विदेश तक पहुंचाकर अपनी पहचान बना सकेंगे।

राशिफल

मेष — पुराने रुके काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में लाभ के संकेत हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। दिन के अंत में कोई सुखद खबर मिल सकती है।

वृषभ — नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। साझेदारी में किया गया काम फायदा दे सकता है। नौकरी में आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है। घर में किसी शुभ काम की चर्चा हो सकती है।

मिथुन — जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे। किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पैसों के मामले में संतुलन बनाए रखें। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्क — भाग्य का साथ मिल सकता है। रुका हुआ काम फिर से शुरू होने की संभावना है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। नौकरी और कारोबार में अच्छे मौके मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा।

सिंह — जल्दबाजी करने से बचें। हर काम आराम से और समझदारी के साथ करें। नौकरी में आपके काम की सराहना हो सकती है। कारोबार में पुराने संपर्क फायदा पहुंचा सकते हैं। परिवार का पूरा साथ मिलेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

कन्या — नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। कोई जरूरी जानकारी आपके काम आ सकती है। नौकरी और कारोबार दोनों में दिन ठीक रहेगा। घर के बड़े लोगों की सलाह मानें। पैसों के मामले में जल्दबाजी से बचें। सेहत पहले से बेहतर रहेगी।

तुला — परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे फायदा देगा। शाम तक कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक — किसी पुराने काम का अच्छा नतीजा मिल सकता है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। कारोबार करने वालों को नया ग्राहक मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

धनु — दिन सामान्य रहेगा। हर काम योजना बनाकर करेंगे तो फायदा होगा। किसी दोस्त से अच्छी सलाह मिल सकती है। खर्च पर थोड़ा ध्यान दें। नौकरी और कारोबार में स्थिति पहले जैसी बनी रहेगी।

मकर — मेहनत का फायदा मिलने के संकेत हैं। लंबे समय से रुका कोई काम आगे बढ़ सकता है। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। कारोबार में भी अच्छी खबर मिल सकती है।

कुम्भ — मन कई बातों में उलझ सकता है, लेकिन धैर्य रखने से रास्ता निकल आएगा। काम समय पर पूरे करने की कोशिश करें। परिवार के किसी सदस्य का सहयोग मिलेगा।

मीन — काम की रफ्तार अच्छी रहेगी। सुबह से ही कुछ जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे और इसमें सफलता भी मिल सकती है। नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। घर में माहौल सामान्य रहेगा।

न्यूज इन शॉर्ट

4 दिसम्बर को आयोजित होगी दिशा की बैठक

संजीवनी टुडे

सिरोही। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति सिरोही की बैठक चार दिसंबर को (गुरूवार) प्रातः 11.00 बजे जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला परिषद सिरोही के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलक्टर एवं सदस्य सचिव, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति रोहिताश्व सिंह तोमर ने दी।

पीएम के नए 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 28 दिसंबर को

संजीवनी टुडे

सिरोही। अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए लागू प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम की क्रियान्वयन समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को (सोमवार) साय 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी अल्पसंख्यक मामलात विभाग के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार ने दी।

रास्ता रोककर युवक पर हमला, दो को 7-7 साल की जेल

संजीवनी टुडे

धौलपुर। कौलारी थाना क्षेत्र में युवक नरेश पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करने के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गोपाल सैनी ने दो आरोपियों को सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि मालौनी खुर्द निवासी अमर सिंह पुत्र चौखरिया ने 22 अगस्त 2021 को अपने बेटे नरेश पर हुए हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। सुनवाई में गवाहों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हाकिम सिंह और सर्वेश उर्फ बाली पुत्रगण ओमप्रकाश, निवासी मालौनी खुर्द को दोषी करार दिया गया।

एनडीपीएस मामले में आरोपी प्रदीप सांसी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत निवाई थाना पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर फरार आरोपी प्रदीप सांसी (23) पुत्र जतन सांसी निवासी अलीपुरा, थाना मेहंदवास को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना निवाई सदर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

निरीक्षण और वीडियो वायरल होने के बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं, जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर उठे सवाल

बाड़ी की सफाई व्यवस्था बेपटरी, गंदगी से परेशान कस्बेवासी

संजीवनी टुडे

बाड़ी (धौलपुर)। बाड़ी नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर में जगह-जगह फैली गंदगी के बीच नगर पालिका के सफाई निरीक्षण और सुधार के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निरीक्षण के बावजूद मौके पर सफाई व्यवस्था में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है।

शहरवासियों ने सफाई प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने के बजाय धरातल पर सफाई व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। वहीं कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



लोगों का कहना है कि कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ शहर की नियमित सफाई सुनिश्चित करना भी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बदहाल सफाई व्यवस्था का असर नगर पालिका बोर्ड और सभापति की छवि पर भी पड़ रहा है।

शहरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से नियमित सफाई करवाने, जिम्मेदारी तय करने और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि शहर को निरीक्षण और दावों की नहीं, बल्कि धरातल पर स्वच्छता की जरूरत है।

चंदलाई बांध से नहरों में छोड़ा पानी, 846 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

टोंक। बिसलपुर बांध परियोजना के कमांड क्षेत्र स्थित चंदलाई बांध से रबी फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा गया। इससे करीब 846 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई मिलेगी। लंबे समय से नहरी पानी का इंतजार कर रहे किसानों को राहत मिली। समय पर सिंचाई होने से रबी फसलों की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है। नहरों में पानी पहुंचने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है।

अलवर : सत्ता और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत लाई रंग

11 में से 8 पंचायत समितियों में कांग्रेस की जीत, भाजपा के मंसूबे हुए नाकाम : जूली

संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान में पंचायती राज चुनाव के बाद प्रधान पदों के चुनाव में कांग्रेस की सफलता पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने खुशी जताते हुए कहा कि अलवर जिले की 11 में से 8 पंचायत समितियों में कांग्रेस की जीत पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और एकजुटता का परिणाम है।



जूली ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव से लेकर प्रधान पदों की वोटिंग तक भाजपा ने सत्ता और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया। कांग्रेस के निर्वाचित सदस्यों और पदाधिकारियों को परेशान करने, दबाव बनाने तथा डराने की कोशिशें की गईं, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भाजपा के सभी राजनीतिक हथकंडों को नाकाम कर दिया।

उन्होंने कहा कि जिला प्रमुख के चुनाव में सफलता के बाद अब उमरैण, रैणी, खेड़ली, कठूमर, मुबारिकपुर, गोविंदगढ़, राजगढ़ और रामगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत जनता के विश्वास और पार्टी की एकजुटता का प्रमाण है। यह जीत लोकतांत्रिक मूल्यों और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है।

टीकाराम जूली ने नवनिर्वाचित कांग्रेस प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी गांवों के विकास को प्राथमिकता देना है। सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति गांव, गरीब, किसान और आमजन के अधिकारों के लिए संघर्ष करना है। लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है और ग्रामीण विकास पार्टी की प्राथमिकता है।

9 महीने में ही टूटने लगी मकावल ग्राम पंचायत की सीसी रोड, भ्रष्टाचार के आरोप

संजीवनी टुडे

भटाना (रेवदर)। सिरोही जिले की रेवदर पंचायत समिति की मकावल ग्राम पंचायत में मुख्य सड़क से जीएसएस रोड होते हुए पुराने खेल मैदान तक बनाई गई सीसी सड़क महज 9 महीने में ही क्षतिग्रस्त होने लगी है। सड़क में कई जगह दरारें आ गई हैं और किनारे टूटने लगे हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं।



जानकारी के अनुसार विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत रेवदर विधायक मोतीलाल कोली ने सड़क निर्माण के लिए 4 लाख 98 हजार 584 रुपये स्वीकृत किए थे। निर्माण कार्य 2 मार्च 2026 को शुरू होकर 30 मार्च 2026 को पूरा हुआ था।

ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई और सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करवाने की मांग की है।

विधायक मोतीलाल कोली ने कहा कि ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाएं, जांच करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से भी बात करने का आश्वासन दिया। वहीं रेवदर बीडीओ सावलाराम चौधरी ने कहा कि पंचायत समिति के एईएन को मौके पर भेजकर सड़क की जांच करवाई जाएगी।

अब ग्रामीणों को जांच और कार्रवाई का इंतजार है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जांच कर दिया आवश्यक परामर्श एवं उपचार, हर माह दो बार होगी स्वास्थ्य जांच

स्पंदन योजना के तहत सिरोही जेल में 35 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

संजीवनी टुडे

सिरोही। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की स्पंदन योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही द्वारा जिला कारागृह में निरुद्ध बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अजय शर्मा तथा सचिव सावित्री आनंद निर्भीक की उपस्थिति में चिकित्सकीय टीम ने कुल 35 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।



शिविर में डॉ. रविंद्र खींची (कान, नाक एवं गला), डॉ. हनुमंत सिंह राणावत (नेत्र), डॉ. श्रद्धा दाधीच (दंत रोग), डॉ. महेंद्र कुमार (मनोरोग) एवं डॉ. सुनील बारूपाल (मेडिसिन) ने बंदियों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करवाया।

अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि स्पंदन योजना के तहत बंदियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं नियमित देखभाल के लिए प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय सप्ताह में चिकित्सकीय टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इससे बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

इस दौरान चिकित्सक डॉ. रविंद्र खींची, डॉ. हनुमंत सिंह राणावत, डॉ. शरद दाधीच, डॉ. महेंद्र कुमार एवं डॉ. सुनील बारूपाल सहित कारागृह अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगाड़ा बजाकर किया शोभायात्रा का शुभारंभ, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने का दिया संदेश

मत्स्य उत्सव में हेरिटेज वॉक और सांस्कृतिक शोभायात्रा ने बांधा समां

संजीवनी टुडे

अलवर। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव-2026 के तीसरे दिन होप सर्कस से ऐतिहासिक मूसी महारानी की छतरी तक हेरिटेज वॉक तथा होप सर्कस से सागर जलाशय तक सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगाड़ा बजाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसमें महिलाओं, स्कूली विद्यार्थियों और शहर के सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने अलवर की ऐतिहासिक धरोहरों, स्थापत्य कला और गौरवशाली इतिहास को करीब से जाना।

इसका उद्देश्य ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यटन को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान कच्ची घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

शोभायात्रा में मयूर नृत्य, कालबेलिया, चकरी, सहरिया, गैर नृत्य, भपंग वादन, बम रसिया, पद दंगल, कच्छी घोड़ी, रो बिले और अलगोजा के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।



इस अवसर पर एडीएम द्वितीय श्रीमती बीना महावर, एडीएम शहर अम्बालाल मीणा, यूआईटी भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका तथा पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

28 नवंबर को होंगे समापन कार्यक्रम

मत्स्य उत्सव के समापन दिवस पर सुबह 10 बजे कम्पनी बाग में फ्लावर शो तथा 10:30 बजे अलवर पेट शो (डॉग, कैट, बर्ड एवं एग्जोटिक एनिमल्स) और फोटो प्रदर्शनी आयोजित होगी। दोपहर 1 बजे भानगढ़ में लोक कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

झालावाड़ की आठों पंचायत समितियों में प्रधान के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

कांग्रेस-भाजपा को मिलीं 4-4 सीटें

संजीवनी टुडे

झालावाड़। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत शुक्रवार को झालावाड़ जिले की आठों पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि सभी स्थानों पर मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरी करवाई गई।

यह रहे पंचायत समिति वार चुनाव परिणाम—अकलेरा: भाजपा की इन्द्रा बाई ने कांग्रेस की बसन्ती बाई को 2 मतों से हराया। इन्द्रा बाई को 10 और बसन्ती बाई को 8 मत मिले। 3 मत निरस्त तथा 2 नोटा को मिले। **बकानी:** कांग्रेस की सरदारी बाई ने भाजपा की संतरा बाई को 9 मतों से हराया। दोनों को क्रमशः 13 और 4 मत मिले। **भवानीमण्डी:** कांग्रेस की सुनिता कुमारी ने भाजपा की अमृत कुंवर को 7 मतों से हराया। उन्हें 14 और अमृत कुंवर को 7 मत मिले। **डग:** कांग्रेस की राम कुंवर बाई ने भाजपा की निर्मला कुंवर को 11 मतों से हराया। उन्हें 17 और निर्मला कुंवर को 6 मत मिले। **मनोहरथाना:** भाजपा के श्रीलाल ने कांग्रेस की द्रोपदी बाई को 11 मतों से हराया। उन्हें 16 और द्रोपदी बाई को 5 मत मिले। **खानपुर:** कांग्रेस की देवीका मीणा ने भाजपा के हेमन्त कुमार को 1 मत से हराया। उन्हें 12 और हेमन्त कुमार को 11 मत मिले। **झालरापाटन:** भाजपा के मोहनलाल ने कांग्रेस की अनिता को 6 मतों से हराया। उन्हें 13 और अनिता को 7 मत मिले। **पिड़ावा:** कांग्रेस के बने सिंह ने भाजपा के रघुनाथ को 2 मतों से हराया। उन्हें 15 और रघुनाथ को 13 मत मिले।

इस प्रकार जिले की आठ पंचायत समितियों में कांग्रेस और भाजपा ने चार-चार सीटों पर जीत दर्ज की।

सिरोही जिले की आठ पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव संपन्न

कांग्रेस को सात व भाजपा को 1 सीट पर मिली जीत

भाजपा को रेवदर में मिली सफलता, शिवगंज में दीवान कंवर निर्विरोध निर्वाचित

संजीवनी टुडे

सिरोही। पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत शुक्रवार को जिले की आठों पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव संपन्न हुए। सिरोही में कांग्रेस की नेहा ने 11 मत प्राप्त कर भाजपा की बेब कुंवर (4 मत) को हराया। आबूरोड में कांग्रेस की मेवली को 19 मत मिले, जबकि निर्दलीय लाली को 4 मत मिले।

निर्दलीय गंगाबेन गरासिया को कोई मत नहीं मिला। रेवदर में भाजपा के गणपत सिंह ने 14 मत लेकर निर्दलीय जितेन्द्र कुमार (7 मत) को हराया। कालन्द्री में कांग्रेस की अमीया देवी ने 9 मत लेकर भाजपा के हरजी भाई मोदी (6 मत) को पराजित किया। पिण्डवाड़ा में कांग्रेस की चित्रा शेखावत को 14 और भाजपा की नवली कुमारी को 5 मत मिले। भावरी में कांग्रेस के शान्तिलाल ने 13 मत लेकर भारत आदिवासी पार्टी के हीराराम (6 मत) को हराया। मण्डार में कांग्रेस की शिल्पा कुमारी को 10 और भाजपा के अमृतलाल को 5 मत मिले। शिवगंज में कांग्रेस की दीवान कंवर निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

उप प्रधान चुनाव 28 को

संबंधित पंचायत समितियों में सुबह 10 बजे बैठक होगी। नामांकन सुबह 11 बजे तक, संवीक्षा 11:30 बजे से तथा नाम वापसी दोपहर 1 बजे तक होगी। आवश्यकता होने पर मतदान दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2027, 11 दिसंबर तक दे सकते हैं दावे-आपत्तियां

संजीवनी टुडे

सिरोही। भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 घोषित किया है। इसके तहत 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार प्राप्त आवेदनों का निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों की सूची साप्ताहिक रूप से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में चस्पा होगी और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

राष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर सामूहिक शपथ दिलाई

बाल विवाह रोकथाम, बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

संजीवनी टुडे

सिरोही। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के दो वर्ष पूर्ण होने एवं अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट आयोजित किया गया। दोपहर 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितधारकों ने भाग लिया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल के माध्यम से सामूहिक शपथ दिलाई गई।



कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करना, बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना, शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा आमजन में जागरूकता बढ़ाना रहा।

सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग योगेन्द्र देथा ने आमजन से बाल विवाह रोकथाम में सक्रिय भागीदारी निभाने और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग से विजय कुमार राठौड़, कल्पेश खण्डेलवाल, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की प्रबंधक कुलसम बानो, परामर्शदाता रूचिका रावल एवं खुशबू रावल, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक पिंकी राजपुरोहित एवं हीना कुमारी लखारा, महिला एवं बाल विकास विभाग से हीरालाल, प्रीती सेन, कमल सिंह, त्रिदेव वैष्णव, दिलीप धवल, मनोहर सिंह सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर दिल्ली से राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

संजीवनी टुडे

धौलपुर। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जागरूकता एवं सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट प्रसारित किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम साथिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकने और समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सहायक निदेशक महिला अधिकारिता भैरू प्रकाश नागर के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संचालित 60 दिवसीय विशेष अभियान एवं मिशन शक्ति सप्ताह के तहत जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति समाप्त करने में आमजन की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।



न्यूज इन शॉर्ट

उपकर जमा नहीं कराने पर होगी कुर्की, ब्याज और जुर्माने की कार्रवाई

धौलपुर। श्रम विभाग ने भवन निर्माण उपकर वसूली को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। वित्त वर्ष में 102 संस्थानों एवं निर्माण स्थलों को नोटिस जारी किए गए हैं। श्रम कल्याण अधिकारी एवं उपकर निर्धारण अधिकारी वासुदेव जांगिड़ ने बताया कि 27 जुलाई 2009 के बाद बने सरकारी, वाणिज्यिक एवं निजी भवनों पर एक प्रतिशत उपकर जमा कराना अनिवार्य है। नियोजकों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य शुरू होने के 30 दिनों के भीतर विभाग को सूचना देकर उपकर जमा कराना होगा। नियमों की अनदेखी पर एकतरफा निर्धारण, ब्याज, पेनल्टी और कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। 10 लाख रुपये से कम लागत वाले आवासीय निर्माण को उपकर से छूट है, जबकि वाणिज्यिक भवनों पर कोई छूट नहीं है। वासुदेव जांगिड़ ने बताया कि नगर परिषद या नगरपालिका में नक्शा स्वीकृति के समय राशि जमा कराने के बावजूद अंतिम उपकर निर्धारण राशि श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। उन्होंने सभी नियोजकों से समय पर उपकर जमा कराने की अपील की।

सिरोही में विटामिन-ए अभियान का 51वां चरण 30 नवंबर से

सिरोही। बच्चों को विटामिन-ए की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जिले में अभियान का 51वां चरण 30 नवंबर से 30 दिसंबर 2026 तक संचालित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्था की गई है। अभियान में स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

शनिवार को खुलेंगे प्रदेश के सभी उप पंजीयक कार्यालय

कोटपूतली-बहरोड़। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शनिवार, 28 नवंबर को प्रदेश के सभी उप पंजीयक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान अजमेर के आदेशानुसार कार्यालयों में दस्तावेजों का पंजीयन सहित सभी राजकीय कार्य किए जाएंगे।

बहुमत के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशियों को मिले एक-एक वोट कम, क्रॉस वोटिंग की चर्चाओं से बढ़ी सियासी हलचल

चाकसू और कोटखावदा पंचायत समितियों में कांग्रेस का परचम

संजीवनी टुडे

चाकसू। पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत शुक्रवार को चाकसू और कोटखावदा पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। चाकसू में संतोष देवी मीणा तथा कोटखावदा में अनोखी देवी वर्मा प्रधान निर्वाचित हुईं।

चाकसू पंचायत समिति के 17 सदस्यीय सदन में कांग्रेस के 10, भाजपा के 6 और एक अन्य सदस्य था। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी संतोष देवी मीणा को 9 तथा भाजपा की सुनीता देवी को 8 मत मिले। संतोष देवी ने एक मत से जीत हासिल की।

इसी प्रकार कोटखावदा की 15 सदस्यीय पंचायत समिति में कांग्रेस के 11 और भाजपा के 4 सदस्य थे। यहां कांग्रेस प्रत्याशी अनोखी देवी वर्मा को





10 तथा भाजपा प्रत्याशी मीरा देवी को 5 मत मिले। अनोखी देवी ने 5 मतों से जीत दर्ज की।

दोनों जगह स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशियों को एक-एक वोट कम मिलने से क्रॉस वोटिंग और भीतरघात की चर्चाएं तेज हो गई हैं। चुनाव परिणामों के बाद क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में हलचल बनी हुई है।

बाल विवाह मुक्त समाज के लिए 100 दिवसीय अभियान

टोंक। शिव शिक्षा समिति राणोली, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक में बाल विवाह एवं जबरन विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने की।

गढ़ पैलेस से तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ, स्वच्छ बूंदी-सुंदर बूंदी का दिया संदेश

शाही शोभायात्रा व लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ बूंदी महोत्सव

संजीवनी टुडे

बूंदी। ऐतिहासिक नगरी बूंदी में तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव-2026 का शुभारंभ शुक्रवार को गढ़ पैलेस में श्रीगणेश पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। नगर परिषद सभापति भरत शर्मा, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा तथा वंशवर्धन सिंह ने महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान कैनवास पेंटिंग कार्यशाला भी शुरू हुई।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण नवल सागर से निकली शाही शोभायात्रा रही। सजे-धजे ऊंट-घोड़े, शाही लवाजमा, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों और विभिन्न समाजों की भागीदारी ने शहर को हाड़ौती की संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। बोहरा समाज, कौमी एकता मंच, होटल



व्यवसायियों, जैन समाज, सिख समाज एवं रोटरी क्लब सहित विभिन्न संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

पुलिस परेड ग्राउंड में रस्साकशी, ऊंट दौड़, घुड़दौड़, मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांधना और पणिहारी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इनमें स्थानीय प्रतिभागियों के साथ विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया।

महोत्सव के साथ नगर परिषद एवं जिला प्रशासन ने स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त बूंदी का संदेश देते हुए 3क्र (रिड्यूस, रीयूज़ और रीसायकल) अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर एच.डी. सिंह, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चारू, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, नगर परिषद उपसभापति संजय भूटानी तथा पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक शरद व्यास सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं देश-विदेश के पर्यटक मौजूद रहे।

बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा पर दिया जोर

चिकित्सा महाविद्यालय के विकास कार्यों को गति देने के निर्देश



संजीवनी टुडे

बूंदी। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बूंदी एवं संबद्ध चिकित्सालय में संचालित विकास कार्यों और निर्माण गतिविधियों की प्रगति को लेकर प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की व्यवस्थाओं तथा आधारभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को आपसी समन्वय से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे करने तथा निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा करवाने, विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान तैयार करने, ओपन एयर थिएटर का निर्माण पूर्ण करने, गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों के बेहतर उपचार के लिए क्रिटिकल केयर ब्लॉक तथा मरीजों की सुविधाओं के लिए आईपीडी ब्लॉक एवं आईपीडी टावर का निर्माण शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संबद्ध चिकित्सालय में ख्ख का निर्माण कार्य भी जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाओं से विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सालय बूंदी, चिकित्सालय नोडल अधिकारी (आरएसआरडीसी), महाविद्यालय नोडल अधिकारी (आरएसआरडीसी), सहायक अभियंता (विद्युत), आरएसआरडीसी एवं सहायक अभियंता (सिविल), आरएसआरडीसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शादी समारोह में बांटे 1500 पौधे पुराने कुल्हड़ों को बनाया गमला



संजीवनी टुडे

अलवर। शादी समारोह को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए नन्ही आशाएं चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से करीब 1200 से 1500 पौधों का वितरण किया गया। ट्रस्ट की नेहा शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सामाजिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक करना है।

इस पहल की खास बात यह रही कि पौधों को प्लास्टिक गमलों की जगह इस्तेमाल किए जा चुके लस्सी के पुराने कुल्हड़ों में तैयार किया गया। इनमें तुलसी, अजवाइन, स्पाइडर प्लांट सहित सजावटी एवं फूलों वाले पौधे शामिल रहे।

नेहा शर्मा ने बताया कि शादी और जन्मदिन जैसे आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। छोटी-छोटी पहल से भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

करवर थानाधिकारी सहदेव मीणा ने नैनवां में दर्ज कराया मामला

विधायक अशोक चांदना सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संजीवनी टुडे

बूंदी। नैनवां पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव के दौरान पुलिस और विधायक समर्थकों के बीच हुआ विवाद अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। करवर थाना प्रभारी सहदेव मीणा ने विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक चांदना सहित सात नामजद और 5-6 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार, चुनाव के दौरान चुंगी नाका स्थित बैरिकेड पर विधायक अशोक चांदना और उनके समर्थकों को रोका गया था। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की और बैरिकेड हटाकर वाहन अंदर ले जाने का प्रयास किया गया।

मामले में अशोक चांदना के



अलावा हंसराज गुर्जर (बोरदा), सद्दाम हुसैन (नैनवां), तुलसीराम सांगोदा (देई), आशुतोष नागर (नैनवां), शाहिद खान (नैनवां) और बलराम उर्फ बाबा गुर्जर (नैनवां) को नामजद किया गया है। नैनवां थाने में प्रकरण संख्या 371/2026 के तहत बीएनएस की धारा 121(1), 132, 189(2) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(VA) में मामला दर्ज हुआ है।

वहीं विधायक अशोक चांदना ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस से वाहन रोकने संबंधी सरकारी आदेश दिखाने की मांग की थी। उन्होंने चुनाव के दौरान पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

मामले की जांच सीआईडी-सीबी पुलिस मुख्यालय जयपुर को सौंपने की तैयारी है। अब वायरल वीडियो, पुलिस रिपोर्ट और संबंधित पक्षों के बयानों के आधार पर जांच में घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

कस्टम हायरिंग सेंटरों का किया निरीक्षण, उर्वरक वितरण की समीक्षा कर दिए निर्देश

अतिरिक्त निदेशक कृषि त्रिलोक जोशी दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर

संजीवनी टुडे

धौलपुर। कृषि आयुक्तालय राजस्थान जयपुर के अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार त्रिलोक कुमार जोशी दो दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। उन्होंने बाड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनौरा के धन्नू का पुरा स्थित कस्टम हायरिंग सेंटर तथा जिले की 17 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में स्थापित केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान हाईटेक ड्रिप विधि से आलू की बुवाई की जानकारी भी ली।

जोशी ने मैसर्स राजकुमार एंड ब्रदर्स के विक्रय केंद्र पर एफएफएस के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने उर्वरक की कालाबाजारी



रोकने, क्यूआर कोड से वितरण तथा लापरवाही करने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने परंपरागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन एवं आरकेवीवाई-डीपीआर योजना सहित नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैपियर घास और महिला कृषि प्रशिक्षण के लक्ष्यों को दिसंबर तक शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया।

एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जागरूकता पोस्टर का विमोचन

पोषण, नियमित आयरन सेवन और जांच के प्रति आमजन को किया जागरूक



संजीवनी टुडे

अलवर। 'एनीमिया मुक्त राजस्थान' अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, अलवर में एनीमिया जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. संजय बुंदेला, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. महेश कुमार बेरवा तथा जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा सहित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने पोस्टर का विमोचन किया।

सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि एनीमिया की रोकथाम के लिए समय पर जांच, संतुलित पोषण, नियमित आयरन सेवन और उचित उपचार जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों एवं फील्ड वर्कर्स आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोस्टर जिले के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगाने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बुंदेला ने पोस्टर के प्रमुख संदेशों की जानकारी देते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, संभागीय समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बूंदी जिले में पंचायत समितियों के प्रधान के चुनाव, केशवरायपाटन में कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर बसपा को हराया

कांग्रेस के 5 और निर्दलीयों के 3 प्रधान चुने गए

संजीवनी टुडे

बूंदी। जिले में पंचायत समिति प्रधान पद के चुनाव शुक्रवार को संपन्न हो गए। आठ पंचायत समितियों के नतीजों में कांग्रेस ने छह जगह प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि दो पंचायत समितियों में निर्दलीय प्रत्याशी प्रधान बने। सबसे ज्यादा चर्चा केशवरायपाटन पंचायत समिति के नतीजे की रही, जहां बसपा प्रत्याशी को हराने के लिए कांग्रेस और भाजपा के सदस्य एकजुट हो गए। दोनों दलों के सदस्यों ने निर्दलीय हेमंत कुमारी बागड़ी को वोट देकर प्रधान बना दिया। बागड़ी ने बसपा की मीना मेघवाल को एक वोट से हराया। उन्हें 8 वोट मिले, जबकि मीना मेघवाल को 7 वोट मिले। बूंदी पंचायत समिति में कांग्रेस के जगरूप सिंह रंधावा बने प्रधान, नैनवां में कांग्रेस के राजाराम मीणा प्रधान। बूंदी पंचायत समिति में कांग्रेस के जगरूप सिंह रंधावा बने प्रधान, नैनवां में कांग्रेस के राजाराम मीणा प्रधान। दूसरी ओर, खटकड़ पंचायत समिति में कांग्रेस के पास बहुमत होने के बावजूद पार्टी अपना प्रधान नहीं बना सकी। यहां भाजपा समर्थित निर्दलीय ललिता ने कांग्रेस प्रत्याशी रामसागर को हराकर जीत दर्ज की। लाखेरी में भी निर्दलीय बबली मीणा प्रधान बनीं। वहीं बूंदी, हिण्डोली, दबलाना, तालेड़ा और नैनवां में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

बूंदी में जगरूप सिंह रंधावा ने 6 वोट से दर्ज की जीत



बूंदी पंचायत समिति में कांग्रेस के जगरूप सिंह रंधावा ने भाजपा के उदय लाल गुर्जर को हराया। रंधावा को 10 वोट मिले, जबकि गुर्जर को 4 वोट मिले। मतदान के दौरान एक मत खारिज हुआ। इस तरह रंधावा ने 6 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।

हिण्डोली में गायत्री शर्मा बनीं प्रधान

हिण्डोली पंचायत समिति में



कांग्रेस की गायत्री शर्मा ने भाजपा की लीला बाई साहू को पराजित कर प्रधान पद पर कब्जा जमाया। यहां कांग्रेस के पास पहले से बहुमत था।

दबलाना में चेतना देवी ने भाजपा प्रत्याशी को हराया



दबलाना पंचायत समिति में कांग्रेस की चेतना देवी प्रधान चुनी गईं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी शिवराज को हराया। यहां भी कांग्रेस को सदस्यों का समर्थन मिला।

तालेड़ा में मीनाक्षी व्यास को 16 वोट

तालेड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस की मीनाक्षी व्यास ने भाजपा की ममता गुर्जर को हराकर प्रधान पद हासिल किया।



मीनाक्षी व्यास को 16 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 9 वोट मिले।

लाखेरी में कांग्रेस का नामांकन खारिज, निर्दलीय बबली मीणा जीतीं



लाखेरी पंचायत समिति में प्रधान पद का चुनाव नामांकन विवाद के कारण चर्चा में रहा। यहां बबली मीणा ने कांग्रेस और निर्दलीय दोनों प्रत्याशियों के रूप में आवेदन किया था, लेकिन कांग्रेस का नामांकन खारिज हो गया। इसके बाद मुकाबला बसपा के गोविंद मीणा और निर्दलीय बबली मीणा के बीच हुआ। बबली मीणा ने गोविंद मीणा को हराकर प्रधान पद हासिल किया।

केशवरायपाटन में निर्दलीय हेमंत कुमारी बागड़ी 1 वोट से जीती



केशवरायपाटन पंचायत समिति का चुनाव पूरे जिले में चर्चा का विषय रहा। यहां प्रधान पद के लिए बसपा की मीना मेघवाल और निर्दलीय हेमंत कुमारी बागड़ी आमने-सामने थीं। कांग्रेस ने इस चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। बसपा प्रत्याशी को रोकने के लिए कांग्रेस और भाजपा के सदस्य एकजुट हो गए। दोनों दलों के पंचायत समिति सदस्यों ने निर्दलीय हेमंत कुमारी बागड़ी के पक्ष में मतदान किया। बागड़ी को 8 वोट मिले, जबकि बसपा की मीना मेघवाल को 7 वोट मिले। बागड़ी ने एक वोट से जीत दर्ज कर प्रधान बनी।

खटकड़ में ललिता ने जीत दर्ज की

खटकड़ पंचायत समिति में



कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद पार्टी अपना प्रधान नहीं बना सकी। यहां भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी ललिता ने कांग्रेस के रामसागर को हराकर जीत दर्ज की।

नैनवां में राजाराम मीणा बने प्रधान



नैनवां पंचायत समिति में कांग्रेस के राजाराम मीणा ने भाजपा की नेहा शर्मा को हराकर प्रधान पद पर जीत दर्ज की। हालांकि, यहां चुनाव के दौरान विधायक अशोक चांदना और पुलिस के बीच हुए विवाद ने भी राजनीतिक माहौल को गरमा दिया।

शिक्षा एवं पंचायत मंत्री मदन दिलावर 29 नवंबर को बारां दौरे पर

संजीवनी टुडे

बारां। राज्य के शिक्षा एवं पंचायत मंत्री मदन दिलावर 29 नवंबर को एक दिवसीय बारां जिले के दौरे पर रहेंगे। मीडिया प्रभारी चंचल खण्डेलवाल ने बताया कि मंत्री का सुबह 8:30 बजे पलायथा में स्वागत होगा। इसके बाद 9 बजे नारेड़ा, 10 बजे पाठेड़ा, 11:30 बजे मंडोला, दोपहर 1 बजे मियाड़ा तथा 2:30 बजे रूपपुरा पहुंचेंगे। इसके बाद अन्ता, रातड़िया, ठिकरिया एवं दुगारी में स्वागत कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शाम 4:30 बजे बमूलिया माताजी पहुंचकर नवनिर्वाचित सरपंचों के पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे।

जिला परिषद भवन पर एयर स्ट्राइक से हड़कंप, 15 मिनट में मॉक ड्रिल पूरी

संजीवनी टुडे

बारां। बारां मिनी सचिवालय परिसर स्थित जिला परिषद भवन में शुक्रवार शाम 5 बजे एयर स्ट्राइक के दौरान धमाके और धुएं से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं सिविल डिफेंस की टीमें पांच मिनट में मौके पर पहुंचीं। बचाव दलों ने भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। साथ ही आग बुझाने का अभ्यास भी किया गया। जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन के तहत आयोजित यह मॉक ड्रिल उप जिला कलक्टर रामावतार मीणा के सुपरविजन में 15 मिनट में सफलतापूर्वक पूरी हुई। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रोहिताश देवंदा सुरक्षा दल के साथ मौजूद रहे। वहीं तहसीलदार अशोक जैन ने भी अभ्यास में सहयोग किया। मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा, बचाव, भीड़ नियंत्रण एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की व्यवस्थाओं का अभ्यास किया गया।

शिवसेना पिंडवाड़ा में कराएगी विशाल महासम्मेलन, पेयजल समस्या पर आंदोलन की तैयारी



संजीवनी टुडे

पिंडवाड़ा। शिवसेना आबू-पिंडवाड़ा के पदाधिकारियों की बैठक निजी होटल में जिला प्रमुख रमेश रावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में संगठन मजबूती, जनहित के मुद्दों और पिंडवाड़ा में विशाल महासम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अल्ट्राटेक नाथद्वारा सीमेंट फैक्ट्री द्वारा बांधों के आसपास खोदे गए सैकड़ों बोरवेलों से पानी लिए जाने पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने बताया कि कम बारिश के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करने और सरकार को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जाएगी।

बैठक में जिला प्रचार प्रमुख नानाराम भील, आबू रोड शहर प्रमुख लालाराम खारवाल, युवा सेना तहसील प्रमुख देवेंद्र रावल, माणिक लाल, वसंती लाल, गुलाब राम, ललित कुमार और खेताराम सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कचरा पॉइंट का किया कायाकल्प वॉल पेंटिंग एवं रंगोली से निखरा



संजीवनी टुडे

जयपुर। सिविल लाइंस जोन द्वारा क्लीन स्वीप ड्राइव के अंतर्गत सिविल लाइंस जोन के सोडाला, अजमेर रोड स्थित हाईवे के किनारे स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए कचरा पॉइंट का कायाकल्प किया गया।

अभियान के तहत उक्त स्थान से कचरे को हटाकर विशेष साफ-सफाई करवाई गई तथा आकर्षक वॉल पेंटिंग एवं सुंदर रंगोली बनाकर स्थल का सौंदर्यीकरण किया गया। इस पहल से पूर्व में गंदगी से प्रभावित रहने वाला स्थान अब स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आने लगा है।

विशेष अभियान में 20 मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलें जब्त



संजीवनी टुडे

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में ऑपरेशन अनामिका अंकुश के तहत टोंक शहर में यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलें जब्त कीं। वृताधिकारी मृत्युंजय मिश्रा के पर्यवेक्षण एवं ट्रैफिक प्रभारी गोविन्द सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। तेज धमाके और कानफोड़ू आवाज वाले साइलेंसर तथा नियम विरुद्ध बदलाव करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से मानक नंबर प्लेट लगाने और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। विशेष अभियान 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक जारी रहेगा।

आचार्य सुन्दरसागर महाराज का निवाई में मंगल प्रवेश

निवाई। युवाचार्य सुन्दरसागर महाराज ससंघ का शुक्रवार को निवाई में मंगल प्रवेश हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज ने जुलूस निकालकर उनका भव्य स्वागत किया। चातुर्मास के बाद महाराज सिद्धचक्र महामंडल विधान में शामिल होने पहुंचे हैं। जुलूस कटरा गार्डन से शुरू होकर पहाड़ी कॉलोनी, चंद्रप्रभु जैन मंदिर, अहिंसा सर्किल एवं भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पहुंचा।

पशुपालन विभाग के कार्मिकों को iGOT कर्मयोगी पोर्टल का प्रशिक्षण

संजीवनी टुडे



जयपुर। पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से निदेशालय के सभागार में शुक्रवार को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के लिए कार्मिकों का निरंतर कौशल विकास जरूरी है। पोर्टल सरकारी कार्मिकों को कार्य आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान एवं कौशल अर्जित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधीनस्थ कर्मचारियों का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कर नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरे करवाएं, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और गुणवत्ता बढ़े। साथ ही प्रशिक्षण की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा संभाग स्तर के अतिरिक्त निदेशकों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर डॉ. लल्लू राम मीना एवं डॉ. भवानी सिंह ने पोर्टल के उपयोग, पंजीकरण और ऑनलाइन प्रशिक्षण की प्रक्रिया समझाई। प्रशिक्षण के दौरान सीसीए नियम, कार्यालय प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़े पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। विभागीय कार्मिकों के लिए पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है।

पिंडवाड़ा में जरूरतमंदों को 1100 कंबल बांटे गए

संजीवनी टुडे



पिंडवाड़ा। राजस्थान वेलफेयर सोसाइटी पिंडवाड़ा की ओर से गोगाजी धर्मशाला में कंबल वितरण समारोह आयोजित कर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को 1100 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई सोसाइटी अध्यक्ष प्रकाश डी. जैन ने की। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश रावल मुख्य अतिथि एवं शिवसेना जिला प्रमुख रमेश रावल विशिष्ट अतिथि रहे।

इस अवसर पर मानिकलाल प्रजापत जनापुर, फुलाराम बनास, नरेंद्र सिंह भाटी, लालाराम खारवाल, नानाराम भील एवं देवेंद्र रावल मौजूद रहे। भामाशाह शाह बाबूलाल चुन्नीलाल जी सादरिया जैन, शाह मूलचंद रिखबचंद जी मेहता, नरेंद्र कुमार केसरीमल सादरिया एवं श्रीमती मधुबन रमेशचंद्र जी जैन ने सहयोग प्रदान किया।

नारेहड़ा सहित आसपास के गांवों में आज चार घंटे बिजली कटौती

कोटपूतली(संजीवनी टुडे)। 132 केवी जीएसएस नारेहड़ा पर मुख्य बस बार की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते शनिवार, 28 नवंबर को सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

सहायक अभियंता कुणाल पटेल ने बताया कि 33 केवी फीडर नारेहड़ा, क्रेशर पानेड़ा, हसनपुरा एवं दांतील सहित 33/11 केवी जीएसएस नारेहड़ा, पवाला राजपूत, पानेड़ा, चिमनपुरा, हसनपुरा, दांतील एवं नांगल पंडितपुरा से जुड़े 11 केवी फीडरों की बिजली बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले निपटाने की अपील की है।

कोटपूतली पंचायत समिति में कांग्रेस का बोर्ड, मीनाक्षी देवी बनीं प्रधान

कोटपूतली (संजीवनी टुडे)। पंचायत समिति कोटपूतली के प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी देवी ने भाजपा के रामसिंह को 7 मतों से हराकर जीत दर्ज की। मीनाक्षी देवी को 12 तथा रामसिंह को 5 मत मिले। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पटाखे चलाकर एवं मिठाई बांटकर जश्न मनाया। चुनाव के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

चार्ज छोड़ने के बाद भी दस्तावेज निजी आवास पर ले जाने की आशंका, डिस्पैच रजिस्टर और फाइलों की जांच की मांग

बाड़ी नगर पालिका के सरकारी रिकॉर्ड को लेकर उठे सवाल, जिला कलेक्टर से शिकायत की तैयारी

संजीवनी टुडे

बाड़ी (धौलपुर)। बाड़ी नगर पालिका में श्याम बिहारी गोयल को अधिशाषी अधिकारी नियुक्त किए जाने के बाद पूर्व कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी एवं कनिष्ठ अभियंता दीपक गोयल की भूमिका को लेकर सरकारी रिकॉर्ड की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, चार्ज छोड़ने के बाद भी नगर पालिका के महत्वपूर्ण दस्तावेज निजी आवास पर ले जाए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मामले को लेकर जिला कलेक्टर को शिकायत देने की तैयारी की जा रही है। शिकायत में नगर पालिका के डिस्पैच रजिस्टर का सत्यापन करवाने तथा दोपहर 3 बजे के बाद जारी किए गए पत्रों, फाइलों और डिस्पैच नंबरों की जांच करवाने की मांग की जाएगी।

इस मामले में प्रमुख सवाल यह है कि सरकारी रिकॉर्ड कार्यालय से बाहर ले जाए गए हैं या नहीं और यदि ऐसा हुआ है तो इसकी अनुमति किसने दी? साथ ही दस्तावेजों की सुरक्षा एवं उनके रखरखाव की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, सरकारी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और किसी भी संभावित अनियमितता की स्थिति में जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।



एसबीआई की कचहरी शाखा में आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

संजीवनी टुडे

धौलपुर। भारतीय स्टेट बैंक की कचहरी शाखा की ओर से शनिवार को बैंक परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें बैंक ग्राहकों, पेंशनभोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और आवश्यक जांच की सुविधा निःशुल्क मिलेगी। बैंक प्रबंधन के अनुसार शिविर का उद्देश्य विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनभोगियों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है। शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिविर में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनभोगियों के लिए बैंक की ओर से आने-जाने की निःशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शाखा प्रबंधक ने सभी ग्राहकों एवं वरिष्ठ नागरिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र का आरोप जांच और एफआईआर की मांग

संजीवनी टुडे

राजाखेड़ा (धौलपुर)। निधेरा खुर्द ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव के दौरान कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार कमलेश पत्नी बहादुर ने 4 नवंबर 2026 को नामांकन के साथ उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा द्वारा 27 अक्टूबर को जारी जाति प्रमाण पत्र लगाया था। आरोप है कि प्रमाण पत्र में पिता का नाम लालपति दर्शाया गया, जबकि वास्तविक नाम बाबूलाल तथा निवास नगला जस्सा, आगरा (उत्तर प्रदेश) बताया गया है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा को पत्र देकर प्रमाण पत्र निरस्त करने, जांच करवाने और फर्जी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। शिकायत की प्रति जिला कलेक्टर धौलपुर को भी भेजी गई है।

पैसिफिक मॉल में खुला कार्पिसा इटालिया का फ्लैगशिप स्टोर



जयपुर। इटैलियन हैंडबैग और लगेज ब्रांड कार्पिसा ने शुक्रवार को जयपुर के पैसिफिक मॉल में अपना फ्लैगशिप स्टोर कार्पिसा इटालिया लॉन्च किया। बेंगलुरु के बाद भारत में कंपनी का यह दूसरा स्टोर है, जिसे 'नियोपोलिस ब्रांड्स' के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। उत्तर भारत में कार्पिसा के इस पहले स्टोर का शुभारंभ जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला, फ्रांसेस्को पिंटो, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, पियानोफोर्टे ग्रुप और प्रेसिडेंट, यामामे और चेयरमैन, नियोपोलिस ब्रांड्स शैलेश चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर एक फैशन शो भी हुआ, जिसमें कार्पिसा के नवीनतम कलेक्शन और इटैलियन स्टाइल को प्रदर्शित किया गया। इस फ्लैगशिप स्टोर में महिलाओं और पुरुषों के लिए इटैलियन डिज़ाइन वाले हैंडबैग, लगेज (ट्रैवल बैग), टोट बैग और अन्य फैशन एक्सेसरीज़ उपलब्ध हैं।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली-बहरोड़(संजीवनी टुडे)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि शर्मा के आदेश पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव नीलम मीणा ने की। इसमें अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. सुरेश कुमार, उप मुख्य विधिक सहायता अधिवक्ता पंकज गोयल, वृत्त निरीक्षक सोहनलाल एवं पैनल अधिवक्ता लक्ष्य भारद्वाज ने बाल अधिकारों, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम और पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। शिक्षकों से बच्चों को सुरक्षित वातावरण देने और शोषण की घटनाओं की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की गई।



जयपुर की 22 पंचायत समितियों के नवनिर्वाचित प्रधान



डाक टिकट के जरिए राजस्थान की समृद्ध विरासत व उपलब्धियों को दिखाया जाएगा

प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 में लगेगी विशेष फिलैटली प्रदर्शनी

'माई स्टैम्प' के जरिए विजिटर्स अपनी फोटो वाले खास डाक टिकट भी बनवा सकेंगे

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाली डाक टिकटों से लेकर अपनी फोटो वाले खास डाक टिकट तक, इंडिया पोस्ट प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 में विजिटर्स को एक अनूठा अनुभव देने जा रहा है। प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 के अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट, राजस्थान सर्कल की ओर से 10 दिसंबर को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में एक खास एक्सपिरियंशियल पवेलियन लगाया जाएगा। यहाँ आने वाले विजिटर्स डाक टिकटों के माध्यम से प्रदेश के इतिहास, कला और संस्कृति को जानने के साथ-साथ पारंपरिक डाक सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं का अनुभव कर सकेंगे।

पवेलियन का एक खास आकर्षण फिलैटेलिक गैलरी होगी, जहां राजस्थान से जुड़ी अनूठी डाक टिकटों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 को समर्पित एक विशेष पोस्टल कवर का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। पोस्टल सर्विसेज डायरेक्टर प्रियंका गुप्ता ने कहा कि 'एक सदी से भी अधिक समय से भारतीय डाक सेवाओं ने दुनिया भर में बसे प्रवासियों को अपने परिवारों से जोड़े रखा है। समय के साथ डाक सेवाओं में नए बदलाव आए हैं और यह पवेलियन डाक सेवाओं के नए स्वरूप को जानने का अवसर देगा। '

विकास की झलक दिखाएंगी डाक टिकटें

PRAVASI RAJASTHANI DIVAS
10 DEC 2026 • JAIPUR

'पोस्टकार्ड टू होम' सेक्शन भी होगा

हाथ से चिट्ठी लिखने की पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत करने के लिए पवेलियन में 'पोस्टकार्ड टू होम' सेक्शन भी होगा। यहां विजिटर्स राजस्थान की विरासत, कला और खूबसूरत जगहों की तस्वीरों वाले पोस्टकार्ड चुन सकेंगे, अपने परिवार और दोस्तों के लिए संदेश लिख सकेंगे और पवेलियन में रखे पारंपरिक लेटर बॉक्स के जरिए पोस्ट भी कर सकेंगे। पवेलियन में 'विजन फॉर विकसित राजस्थान' नाम से एक इंटरैक्टिव सेक्शन भी बनाया जाएगा। इसमें प्रवासी राजस्थानी राजस्थान से जुड़ी अपनी यादें, अनुभव, विचार और सुझाव साझा कर सकेंगे। पवेलियन में एक फिलैटेलिक काउंटर भी होगा, जहां डाक टिकट, थीम आधारित पोस्टकार्ड, स्टैम्प पैक, मिनिएचर शीट और विशेष फोल्डर उपलब्ध होंगे। एक एक्टिव पोस्टल काउंटर के जरिए विजिटर्स स्पीड पोस्ट बुकिंग जैसी सेवाओं का अनुभव भी ले सकेंगे। वहीं, डिजिटल एक्सपीरियंस जोन के ज़रिये इंडिया पोस्ट के बदलते स्वरूप और 'डाकसेवा ऐप' जैसी पहल की जानकारी दी जाएगी। विजिटर्स के लिए एक खास सेल्फी पॉइंट भी बनाया जाएगा।

आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग तथा आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन डॉ. मनीषा अरोड़ा ने बताया, 'पवेलियन का एक और खास आकर्षण 'माई स्टैम्प' पर्सनलाइज्ड काउंटर होगा। यहां विजिटर्स अपनी फोटो को राजस्थान की थीम और खास डिजाइन वाले डाक टिकटों पर लगवा सकेंगे। इन खास डाक टिकटों की शीट मौके पर ही प्रिंट करके दी जाएगी, जिसे विजिटर्स अपने साथ यादगार के रूप में ले जा सकेंगे। 'शेयर योर प्राइड थ्रू इंडिया पोस्ट' नाम से होने वाली एक्टिविटी विजिटर्स को एक नया और खास अनुभव देगी। '

प्रधानमंत्री के 'वंचितों को वरीयता' के विजन को साकार कर रहा राजस्थान

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राजस्थान देश में अव्वल

भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिशन मोड पर चल रहा अभियान

संजीवनी टुडे

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'वंचितों को वरीयता' के विजन के साथ प्रारम्भ किए गए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन कर राजस्थान ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिशन मोड पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, राजकीय सेवा की समयबद्ध उपलब्धता, शिकायतों के प्रभावी निवारण और जनजातीय समुदाय के अधिकारों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने में यह विशेष उपलब्धि हासिल की गई है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत राजस्थान के 37 जिलों के 208 ब्लॉक्स के 6 हजार 19 गांवों में आश्रम छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों के निर्माण, उन्नयन एवं सुधार के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक विभिन्न विकास कार्यों के लिए 335 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी किए जाने के साथ 277 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। इनके लिए भारत सरकार से 177 करोड़ रुपये से अधिक की मदर स्वीकृति जारी की जा चुकी हैं।



प्रदेश में 6 बहुउद्देशीय विपणन केन्द्र स्वीकृत

देशभर के जनजातीय गांवों के परिदृश्य में बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रहे इस अभियान में प्रदेश के उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, बारां एवं सिरोही जिलों में कुल 6 जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केन्द्र स्थापित किए जा रहे है। इन विपणन केन्द्रों के माध्यम से जनजातीय उत्पादों के विपणन को बेहतर बनाते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा जाएगा, ताकि जनजातीय समुदायों की आय एवं आजीविका के अवसरों में वृद्धि हो सके।

1 लाख से अधिक आदि कर्मयोगी प्रशिक्षित

अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और समस्या-समाधान की सोच विकसित करने के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान की पहल की गई है। इसके प्रथम चरण में राजस्थान में 26 जिलों के 5 हजार 978 गांवों को शामिल करते हुए 162 जिला मास्टर ट्रेनर्स, 1 हजार 82 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स एवं 1 लाख 16 हजार 670 ग्राम स्तरीय आदि कर्मयोगियों एवं आदि सहयोगियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियां शामिल

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक जनजातीय नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए देशभर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की एक ऐतिहासिक पहल की है। जनजाति कल्याण को समर्पित इस अभियान का उद्देश्य बुनियादी ढांचे के विकास के अंतर को दूर करते हुए स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका के अवसरों के साथ लगभग 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभान्वित करना है। मार्च 2029 तक क्रियान्वित किए जाने वाले इस अभियान में 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसमें 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 2 हजार 911 ब्लॉकों के 63 हजार 843 जनजातीय गांवों को लक्षित किया गया है।

कॉमन रिव्यू मिशन का राजस्थान दौरा, प्रदेश के हेल्थ नवाचारों को सराहा

जयपुर। एनएचएम के तहत 18वें केन्द्रीय कॉमन रिव्यू मिशन के 14 सदस्यीय दल द्वारा झालावाड एवं हनुमानगढ़ जिले में लाभार्थियों से सीधे संवाद कर प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, निःशुल्क दवा एवं जांच योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ की अध्यक्षता में केन्द्रीय संयुक्त स्वास्थ्य सचिव एवं सीआरएम दल के सदस्यों के साथ समीक्षा कम फीडबैक बैठक आयोजित की गयी।

विशेषज्ञ दल ने प्रदेश में संचालित किए जा रहे नवाचार जैसे प्रसव सखी हेल्प डेस्क, रामाश्रय वार्ड कार्यक्रम, पिंक यूपीएचसी, टाईप-1 डायबिटीज स्क्रीनिंग व उपचार सेवाओं के संचालित मिशन मधुहारी कार्यक्रम, मिशन लिवर स्माईल एवं गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क सोनोग्राफी हेतु संचालित मा वाउचर योजना आदि की विशेष सराहना की।

मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने बताया कि प्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, रैफरल सिस्टम को मजबूत करने आदि पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष बोले- पंचायत चुनावों में करारी हार के बावजूद सत्ता के दुरुपयोग से बाज नहीं आ रही भाजपा सरकार

रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया : टीकाराम जूली

संजीवनी टुडे



जयपुर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पंचायत चुनावों के दौरान भाजपा सरकार पर सत्ता और पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में भाजपा की इतनी बुरी हार हुई है कि उसे शर्मिंदगी महसूस करते हुए यह विचार करना चाहिए था कि आखिर जनता ने उसे क्यों नकारा और कहां कमी रह गई। लेकिन भाजपा की स्थिति यह है कि 'रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया।' जनता के जनादेश से सबक लेने के बजाय भाजपा सरकार सत्ता के दुरुपयोग पर उतारू है।

उन्होंने कहा कि मालपुरा में प्रधान चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता गोपाल गुर्जर एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर उन्हें बलपूर्वक खदेड़ने की घटना अत्यंत गंभीर और निंदनीय है। बूंदी की खटकड़ पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य को चाकसू से जबरन उठाकर ले जाने के मुद्दे पर भी जूली ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा है कि यह सत्ता के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है। भाजपा जनता के जनादेश को स्वीकार करने के बजाय पुलिस के बल पर विपक्ष के निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को उठाकर और उन पर दबाव बनाकर लोकतंत्र का चीरहरण कर रही है।

समीक्षा बैठक में बोले जयपुर नगर निगम महापौर सुनील कोठारी

दो डस्टबिन रखे, नहीं तो होगा दो हजार रू. जुर्माना



संजीवनी टुडे

जयपुर। कचरा प्रबंधन को प्रभावी करने तथा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग के उद्देश्य से शुक्रवार को महापौर सुनील कोठारी की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय स्थित ई.सी. मीटिंग हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमहापौर सरोज कंवर, अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल, उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम थानवी, समस्त जोन उपायुक्त, उपायुक्त पशु प्रबंधन, अधिशाषी अभियंता गैराज, अधिशाषी अभियंता प्रोजेक्ट एवं समस्त जोन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर सुनील कोठारी ने सभी अधिकारियों को सख्त लहजे से कहा कि शहर की सफाई प्राथमिकता है यदि उसमें कोई भी लापरवाही होती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

महापौर ने कहा कि सभी दुकानदारों को दो डस्टबिन (गीले व सूखे कचरे) नीला व हरा डस्टबिन रखना अनिवार्य है। पहले समझाईश की जायेगी उसके बाद सख्ती के साथ 2 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया जायेगा साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषी व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

जेडीए ने चार अवैध दुकानों को किया ध्वस्त

जयपुर। जेडीए ने जोन-10 क्षेत्र के जयसिंहपुरा खोर में सरकारी भूमि पर निर्मित चार अवैध दुकानों को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, जेडीए आनंद शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर में सरकारी भूमि पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ चार अवैध दुकानों का निर्माण किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के दो वर्ष पूर्ण करने पर कार्यक्रम आयोजित

संजीवनी टुडे



जयपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के दो वर्ष पूर्ण होने एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित 'बाल विवाह और जबरन विवाह उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को एचसीएम रीपा जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध संघर्ष कर अपने जीवन को नई दिशा देने वाली साहसी बालिकाओं को सम्मानित किया तथा उनके संघर्ष और सफलता की कहानी को प्रेरक बताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की पहल से यह विषय राष्ट्रव्यापी मूवमेंट बना है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर बचपन बचाएंगे, बाल विवाह मिटाएंगे का संदेश प्रसारित किया गया।

शाहपुरा और आंधी में निर्विरोध चुने गए, बीजेपी केवल 4 और आरएलपी 2 सीट जीती

जयपुर में 16 पंचायत समितियों में कांग्रेस के प्रधान बने

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर की 22 पंचायत समितियों में प्रधान चुनाव के नतीजे आ गए हैं। 22 में से 16 पंचायत समिति में कांग्रेस ने अपना प्रधान बनाया। वहीं, बीजेपी केवल 4 और आरएलपी 2 सीट पर जीती।

शाहपुरा और आंधी में कांग्रेस ने अपना निर्विरोध प्रधान बनाया। अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबड़ी, दूदू में किसी पार्टी के के पास बहुमत नहीं था। यहां अमरसर और रामपुरा डाबड़ी में कांग्रेस, मौजमाबाद, जालसू में बीजेपी और दूदू में आरएलपी का प्रधान बना है।

जालसू में हुआ बड़ा उलटफेर

जालसू में बीजेपी ने बड़ा उलटफेर किया है। यहां बीजेपी के 2 ही सदस्य जीते थे। लेकिन 8 वोट मिले। यहां किशन देवी प्रधान चुनी गई। अमरसर से कांग्रेस की समोती देवी मीणा प्रधान बनी हैं। समोती आरएलपी से जीती थी लेकिन प्रधान के लिए कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया था।


किशन देवी

प्रवासी दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा, समय पर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश

देश-विदेश में बसे प्रवासियों, निवेशकों सहित अन्य लोगों ने कराया पंजीकरण

संजीवनी टुडे



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर इस वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन तीन दिवसीय होगा। इस आयोजन को लेकर संबंधित विभागों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस आयोजन में 'विकास भी, विरासत भी' की झलक दिखाई देनी चाहिए। राजस्थान की भव्य विरासत और विकास को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया जाए। प्रवासियों को अपनापन महसूस हो और वे अच्छी यादों के साथ वापस लौटें। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के साथ ही राजस्थान फाउंडेशन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यटन, माइंस और सूचना एवं जनसंपर्क सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश-विदेश में बसे प्रवासियों और निवेशकों में उत्साह है। अब तक 7,500 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि. शिवदासपुरा, टोंक रोड जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीय नगर, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक- राजेश मीणा* E-mail-sanjeevnitoday@gmail.com मो. 9785361443 (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)